

प्रेरणास्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# लोक प्रेरणा

लोहारू से प्रकाशित

RNI No.HARHIN/2022/90426 | वर्ष : 03, अंक: 345 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 2.00 | बुधवार, 21 मई 2025 | lokparerna@gmail.com | +91-9255149495


# सीमा पार करते 184 विदेशी किए गिरफ्तार

## केंद्रीय गृह सचिव ने एसएसबी मुख्यालय में की उच्च स्तरीय समीक्षा



**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

**केंद्रीय गृह** सचिव गोविंद मोहन ने मंगलवार को नई दिल्ली में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में एसएसबी के प्रचालनात्मक और प्रशासनिक कार्यों, उपलब्धियों और भविष्य की रणनीतियों की समीक्षा की गई। इस बैठक में एसएसबी की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसएसबी के महानिदेशक ने बताया कि पिछले चार साल में बल ने सीमा पार कर भारत में अवैध रूप से घुसने का प्रयास कर रहे 184 विदेशी गिरफ्तार किए, वहीं 27 उग्रवादियों को ढेर कर दिया गया। बैठक में एसएसबी के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद ने संगठन की वर्तमान संरचना, सीमावर्ती तैनाती, प्रचालन उपलब्धियों, तकनीकी उन्नति और भविष्य की चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से भारत-नेपाल एवं भारत-भूटान सीमाओं पर एसएसबी की प्रभावशाली उपस्थिति, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों एवं जम्मू-कश्मीर में बल की सक्रिय भूमिका को रेखांकित किया। महानिदेशक प्रसाद ने एसएसबी की उपलब्धियां साझा करते हुए बताया कि 2020 से 2025 के दौरान एसएसबी ने 184 विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से सीमा पार करने पर गिरफ्तार किया। इसी अवधि में 1250 मानव तस्करी के मामलों में 2156 पीड़ितों को मुक्त कराया गया और 1094 तस्करों को पकड़ा गया।एसएसबी ने नक्सल और आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में 426 उग्रवादियों को आत्मसमर्पण या गिरफ्तारी के लिए बाध्य किया और 27 उग्रवादियों को मुठभेड़ों में ढेर किया।

प्रसाद ने बताया कि एसएसबी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में नागरिक सहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें चिकित्सा शिविर, पशु चिकित्सा सेवा, कौशल विकास कार्यक्रम और महिला सशक्तिकरण प्रयास शामिल हैं। बैठक में इसके अलावा बल के कर्मियों के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए एंटी ओबेसिटी ड्राइव और श्री अन्न के उपयोग को प्रोत्साहन जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। आवासीय सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार के तहत वर्ष 2020-21 में 20.40 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2024-25 में 31.95 प्रतिशत आवास संतुष्टि दर्ज की गई है। बैठक में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार, सचिव (बीएम), मृत्युंजय कुमार नारायण, अतिरिक्त सचिव (पी-क्क), संजीव कुमार जिंदल, अतिरिक्त सचिव (पीएम), पौसुमी बासु, संयुक्त सचिव (बीएम), जूही वर्मा, निदेशक, दीपक कुमार, निदेशक (पीएफ) तथा शशांक मणि त्रिपाठी, (ओएसडी) उपस्थित रहे। सशस्त्र सीमा बल की ओर से अपर महानिदेशक डॉ. अनुपमा निलेकर चंद्रा, महानिरीक्षक (कार्मिक एवं संचार) गणेश कुमार, महानिरीक्षक (प्रशासन एवं प्रशिक्षण) सोमित जोशी, महानिरीक्षक (प्रचालन एवं आसूचना) वंदन सक्सेना, महानिरीक्षक (प्रावधान) पारुल कुश जैन, महानिरीक्षक (चिकित्सा) डॉ. अशोक राय तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बल के जवान उपस्थित रहे।

## केंद्र ने बिजली उपकरणों पर गुणवत्ता आदेश लागू करने की समय-सीमा मार्च तक बढ़ाई

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

केंद्र सरकार ने हितधारकों के परामर्श के बाद कुछ बिजली उपकरणों पर अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) को लागू करने की समय-सीमा को एक साल बढ़ाकर मार्च कर दी है। क्यूसीओ घरेलू तथा वाणिज्यिक सहित ज्यादातर बिजली उपकरणों पर लागू होगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने घरेलू, वाणिज्यिक एवं समान विद्युत उपकरणों की सुरक्षा (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2025 के कार्यान्वयन की समय-सीमा बढ़ा दी है। मंत्रालय ने कहा कि कारोबारी सुगमता के लिए उक्त क्यूसीओ अब 19 मार्च, 2026 से लागू होगा। डीपीआईआईटी ने कहा कि यह निर्णय 15 मई, 2025 को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। बैठक में घरेलू और वाणिज्यिक बिजली उपकरणों की सुरक्षा को लेकर 15 मई को हितधारक परामर्श बैठक में चर्चा की गई थी। इस बैठक में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग की चिंताओं को स्वीकार किया और क्यूसीओ को लागू करने की समय-सीमा बढ़ाने के अनुरोध पर विचार करने के लिए सहमति जताई थी।

## तीन नई बहुराज्यीय सहकारी समितियों से डेयरी क्षेत्र में आएगी क्रांति : शाह



**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के मंत्र को आगे बढ़ाने के लिए सहकारी डेयरी क्षेत्र में तीन नई बहुराज्यीय सहकारी समितियों की स्थापना का निर्णय लिया गया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में सहकारी डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सक्युलैरिटी विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में तीन नई बहुराज्यीय सहकारी समितियों की स्थापना का निर्णय लिया गया। पहली समिति पशु आहार निर्माण, रोग नियंत्रण और कृत्रिम गभाधान। दूसरी समिति गोबर प्रबंधन मॉडल विकसित करने और तीसरी समिति मृत मवेशियों के अवशेषों के सर्क्युलर उपयोग को बढ़ावा देने पर काम करेंगी। बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि सहकारिता ग्रामीण विकास का मूल मंत्र है और सहकारी डेयरी क्षेत्र इसका एक उत्तम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि डेयरी सहकारी समितियां भारतीय दुग्ध क्षेत्र में दूध उत्पादन और विपणन के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर रही हैं। शाह ने कहा कि वैज्ञानिक मॉडल के माध्यम से कार्बन क्रेडिट का प्रत्यक्ष लाभ किसानों तक पहुंचाया जाना चाहिए। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि डेयरी क्षेत्र को अधिक सतत और पर्यावरण अनुकूल बनाने में भी मदद मिलेगी। अमित शाह ने कहा कि सहकारी समितियों की भूमिका डेयरी क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण है।

ये समितियां छोटे किसानों को स्थिर बाजार, ऋण सुविधा, पशु चिकित्सा और प्रजनन जैसी सेवाएं प्रदान कर रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भविष्य में सहकारी डेयरी क्षेत्र में विकास के लिए कई योजनाएं बनाई जा रही हैं। इसमें डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सक्युलैरिटी को बढ़ावा देने के लिए नए मॉडल विकसित करना और सहकारी समितियों को मजबूत करना शामिल है। अमित शाह ने कहा कि सहकारी डेयरी क्षेत्र में विकास के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना होगा। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि डेयरी क्षेत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा।

## नेहा सिंह राठौर की बढ़ी मुश्किलें, दर्ज हुई शिकायत

**वाराणसी/लोक प्रेरणा**

बिहार की लोक गायिका नेहा सिंह राठौर द्वारा काशी के सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने के खिलाफ हनुमान सेना ने लंका थाने में दी तहरीर। अध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र को ज्ञापन देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। आरोप है कि नेहा राठौर के अनर्गल वक्तव्य से देश के लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। नेहा के वीडियो पाकिस्तान की मीडिया और टेलीविजन पर लगातार प्रसारित किए जा रहे हैं जिससे लोगों में काफी आक्रोश है ।

## बालाघाट जिले में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़



**भोपाल/लोक प्रेरणा**

मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलालकसा जंगल में मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान नक्सली घने जंगल का फायदा उठाते हुए भागने में कामयाब हो गए, लेकिन उनके ठिकाने से भारी मात्रा में दैनिक उपयोग का सामान बरामद हुआ है। नक्सलियों की तलाश में पुलिस सर्चिंग अभियान चला रही है। जानकारी के अनुसार, लांजी थाना क्षेत्र में पुलिस चौकी डाबरी में मंगलवार को जीआरबी डिवीजन के 10-15 नक्सलियों की सूचना मिली थी।

इस पर हॉकफोर्स, सीआरपीएफ बी 207 और कोबरा की 12 टीमों ने सर्चिंग अभियान शुरू किया। दोपहर करीब दो बजे हॉकफोर्स की टीम बिलालकसा जंगल में पहुंची। वहां मौजूद सशस्त्र नक्सलियों ने पुलिस टीम पर 20-30 राउंड फायरिंग की। जवानों ने पत्थर और पेड़ों की आड़ लेकर जवाबी फायरिंग की। इसके बाद नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। बालाघाट के पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में किसी पक्ष को कोई नुकसान नहीं हुआ है। घटना के बाद क्षेत्र में बड़ा सर्चिंग अभियान चल रहा है।

## विदेश मंत्री की नीदरलैंड यात्रा से दोनों देशों के संबंधों को मिली नई मजबूती




**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की 19-20 मई की नीदरलैंड यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को ठोस दिशा मिली है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यात्रा के दौरान हुए संवादों और समझौतों से भारत-नीदरलैंड साझेदारी की रणनीतिक गहराई ओर बढ़ी है। यात्रा से भारत-नीदरलैंड संबंधों को रणनीतिक और व्यावहारिक दोनों ही स्तरों पर नई मजबूती मिली है। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने डच समकक्ष कास्पर वेल्डकैम्प से व्यापक वार्ता की। दोनों ने व्यापार, विज्ञान, जल प्रबंधन, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति में हुई प्रगति पर संतोष जताया। साथ ही डिजिटल तकनीक, सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। रक्षा मंत्री रुबेन ब्रेकलमैन्स से बातचीत में रक्षा और सुरक्षा सहयोग को अगले स्तर पर ले जाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

दोनों पक्ष इस क्षेत्र में साझेदारी मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री डिक स्कोफ से मुलाकात में जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने नीदरलैंड की ओर से भारत के साथ एकजुटता दिखाने की सराहना की। यात्रा में विदेश मंत्री ने प्रमुख थिंक टैंकों के विशेषज्ञों को भी संबोधित किया। उन्होंने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था और रणनीतिक स्वायत्तता के दौर में भारत-नीदरलैंड/यूरोपीय संघ सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। यात्रा के दौरान जयशंकर ने नीदरलैंड में बसे भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की, जिससे प्रवासी भारतीयों से जुड़ाव और मजबूत हुआ।

## संभल शहर में चौकसी के साथ बढ़ी जामा मस्जिद की निगरानी



**संभल/लोक प्रेरणा**

संभल में जामा मस्जिद सर्वे पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका खारिज होने के बाद संभल में एहतियाती तौर पर चौकसी बढ़ा दी गई है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने फोर्स के साथ शहर में पैदल मार्च किया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही कहा कि यदि कोई माहौल खराब करने का प्रयास करता है तो पुलिस को सूचना दें, जिससे सख्त कार्रवाई की जा सके। एसपी का कहना है कि जामा मस्जिद पर निगरानी बढ़ाने के लिए अधिनस्थों को निर्देश दिए हैं। सत्यव्रत पुलिस चौकी में पर्याप्त फोर्स तैनात पहले से है। पीएसी और आरआरएफ की कंपनी भी शहर में एहतियाती तौर पर तैनात हैं। मामला कोर्ट में है, इसलिए सभी को शांति बनाए रखनी चाहिए। यदि कोई माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो सख्ती से निबटा जाएगा। 19 नवंबर 2024 को चंदौसी जिला अदालत में स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में हिंदू पक्ष की ओर से हरिहर मंदिर होने का दावा करते हुए सर्वे कराए जाने के लिए वाद दायर किया था। इसमें सिविल जज सीनियर डिवीजन की ओर से आदेश किए। साथ ही कोर्ट कमिश्नर अधिवक्ता रमेश सिंह राघव को नियुक्त किया था। कोर्ट कमिश्नर 19 नवंबर की शाम को ही सर्वे के लिए पहुंच गए थे। डीएम और एसपी की मौजूदगी में पहले दिन सर्वे किया गया था लेकिन सर्वे पूरा नहीं होने की बात रमेश सिंह राघव ने कही थी।

इसके बाद 24 नवंबर की सुबह में सर्वे शुरू किया गया था। इसी दौरान भीड़ एकत्र हुई और बवाल हो गया था।

## भारत ने ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में समावेशी ऊर्जा प्रशासन का आह्वान किया



**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने एक स्थायी और समावेशी ऊर्जा भविष्य के निर्माण के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की और अधिक समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना विषय के तहत ब्राजील के नेतृत्व की सराहना भी की। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने 19 मई को ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रासीलिया में आयोजित ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस बैठक में उन्होंने वैश्विक विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच और सामर्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। मनोहर लाल ने ब्रिक्स देशों को भारत में 2026 में आयोजित होने वाले अगले ब्रिक्स ऊर्जा सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया और वैश्विक दक्षिण के लिए ऊर्जा एजेंडे का नेतृत्व करने के लिए देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया तथा आर्थिक स्थिरता और स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया।

## तमिलनाडु सरकार ने शराब ठेकों पर ईडी के छापों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

तमिलनाडु सरकार ने राज्य सरकार के शराब ठेकों पर ईडी के छापों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इससे पहले मद्रास हाई कोर्ट तमिलनाडु सरकार की याचिका खारिज कर चुका है। मद्रास हाई कोर्ट ने 23 अप्रैल को तमिलनाडु राज्य विपणन निगम की याचिका खारिज करते हुए ईडी की कार्रवाई पर मुहर लगा दी थी। मद्रास हाई कोर्ट के इसी आदेश को मद्रास सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। ईडी ने 6 और 8 मार्च को खुदरा ठेकों पर छापे मारे थे। तमिलनाडु सरकार का कहना है कि ईडी ने उसके अधिकारियों को प्रताड़ित किया और छापे के दौरान घंटों हिरासत में रखा। ईडी के छापे राजनीतिक दुर्भावना की वजह से मारे गए।

## ऑपरेशन सिंदूर कमेंट केस: न्यायिक हिरासत में भेजे गए प्रो. अली



**सोनीपत/लोक प्रेरणा**

**हरियाणा** के सोनीपत स्थित अशोका यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना की महिला कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मंगलवार को पुलिस ने प्रोफेसर अली खान को अदालत में पेश किया। पुलिस ने पुलिस ने प्रोफेसर के सात दिन के अतिरिक्त रिमांड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी।

**सैनेटरी पैड की जगह विश्वविद्यालय में लगी है कंडोम वेंडिंग मशीन**

हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने अशोका यूनिवर्सिटी में कंडोम वेंडिंग मशीन होने का सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी में सैनेटरी पैड की मशीन होनी चाहिए, लेकिन कंडोम वेंडिंग मशीन लगी होना शर्मनाक है। 17 साल के बच्चे वहां पढ़ते हैं और ऐसी मशीनें गलत संदेश देती हैं। भाटिया ने दावा किया कि उनके पास यूनिवर्सिटी की तरफ से लिखित में दी गई जानकारी है, जिसमें कंडोम मशीन की मौजूदगी की पुष्टि की गई है। हालांकि, यूनिवर्सिटी ने गर्भपात की गोलियों की मशीन होने से इनकार किया। भाटिया ने इस मामले में यूनिवर्सिटी के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है।

**पाकिस्तान की एक राजनीतिक पार्टी को फंडिंग का आरोप**

इस बीच प्रोफेसर के पूर्वजों पर पाकिस्तान की एक राजनीतिक पार्टी को फंडिंग देने का भी आरोप है। ये आरोप रेणु भाटिया ने फरीदाबाद में मीडिया से बातचीत करते हुए लगाया। रेणु भाटिया ने कहा कि हरियाणा महिला आयोग ने आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर के बैकग्राउंड के बारे में छानबीन करने पर पाया कि आरोपी के पूर्वज पाकिस्तान की एक पार्टी को फंडिंग देते थे। उन्होंने कहा कि खुफिया एजेंसियों को इस बिंदु का भी संज्ञान लेते हुए जांच करनी चाहिए।

**बयान के बाद दर्ज हुई थी एफआईआर**

हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा कि देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में सोनीपत स्थित एक यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसका संज्ञान लेते हुए महिला आयोग ने प्रदेश के डीजीपी को पत्र लिखकर आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे।

**प्रोफेसर पर हो सख्त से सख्त कार्रवाई**

उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से डीजीपी को की गई शिकायत का संज्ञान लेते हुए सोनीपत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस की कार्यवाही जारी है और हरियाणा महिला आयोग यह सुनिश्चित करेगा की आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

**पुलिस ने बरती लापरवाही**

भाटिया ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान सोनीपत पुलिस की ओर से लापरवाही बरती गई। इस केस के महत्व को समझते हुए प्रदेश की सरकार ने संबंधित जिले के पुलिस विभाग के अधिकारी का तबादला भी कर दिया है। जिसके लिए रेणु भाटिया

## हृदय की अनियमित धड़कन के पाँच संकेत

लोक प्रेरणा

**झज्जर।** हृदय के अनियमित रूप से धड़कने को हार्ट एरिद्मिया कहा जाता है। यह तब होता है जब हृदय को धड़कने का निर्देश देने वाले इलेक्ट्रिकल सिग्नल में गड़बड़ी हो जाती है। इस स्थिति में हृदय या तो बहुत तेज धड़कने लगता है या फिर बहुत धीरे और हृदय के धड़कने की दर अस्थिर हो जाती है। कुछ मामलों में कार्डियेक एरिद्मिया से कोई नुकसान नहीं होता है। जबकि कभी-कभी स्थिति जानलेवा तक हो सकती है। इसलिए किसी भी जटिलता से बचने के लिए इसके शुरूआती लक्षणों को पहचानना बहुत आवश्यक है। डॉ. दीक्षित गर्ग, कंसल्टेंट इंटरवेंशन - कार्डियोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने कहा, ह्यह्यहृदय की धड़कन में होने वाली सामान्य समस्याओं को जीवनशैली में परिवर्तन और दवाओं की मदद से ठीक किया जा सकता है। पर अगर समस्या बढ़कर गंभीर हो गई हो, तो कैथेटर एब्लेशन, पेसमेकर या आईसीडी इंप्लांटेशन की मदद ली जाती है, या फिर बाईपास सर्जरी जैसी सर्जरी भी की जा सकती है। लेकिन हृदय रोग से बचने के लिए समय पर पहचान और रोकथाम सबसे अच्छा उपाय है। इसलिए चुस्त जीवनशैली रखें, तनाव को न बढ़ने दें और हृदय के लिए स्वस्थ आहार का सेवन करें।ह्लह्लध्यान देने वाले महत्वपूर्ण लक्षण :साँस का फूलना : हल्के-फुल्के काम, जैसे पैदल चलने या सीढ़ियाँ चढ़ने में भी साँस का फूल जाना। हृदय की अनियमित धड़कन की वजह से शरीर में ऑक्सीजन कम हो जाती है, जिसके कारण लगातार साँस लेते रहना मुश्किल हो जाता है।चक्कर आना : जब हृदय ठीक से काम नहीं कर पाता है, तो दिमाग में खून की आपूर्ति कम हो जाती है। इसकी वजह से सिर घूमना, चक्कर आना और बेहोशी महसूस हो सकती है। छाती में दर्द : एरिद्मिया के दौरान कभी-कभी छाती में दर्द हो सकता है। अगर साँस फूलने या मितली के साथ यह लक्षण महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।थकान या कमजोरी : जब हृदय शरीर में ठीक से खून को पंप नहीं कर पाता है, तो थकान या कमजोरी महसूस होने लगती है। ऐसे में दैनिक काम में भी थकान महसूस होने लगती है। यह हृदय की समस्या का लक्षण होता है। हृदय का अनियमित रूप से धड़कना : हृदय की धड़कन चूकना या बहुत तेज या बहुत धीमे धड़कना एरिद्मिया का लक्षण हो सकता है। यह बिना किसी कारण के कभी-कभी या नियमित रूप से हो सकता है।डॉ. दीक्षित गर्ग, कंसल्टेंट इंटरवेंशन - कार्डियोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम एरिद्मिया से पीड़ित मरीजों को परामर्श देने के लिए नियमित तौर से झज्झर का दौरा करते हैं। वो शुक्रवार, 23 मई, 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच मेडिकेयर हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, झज्झर में मौजूद रहेंगे।

## एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने स्वच्छता पखवाड़ा 2025 विषय पर आयोजित की पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता



अमूल्या

**चंडीगढ़।** एनएचपीसी लिमिटेड (भारत सरकार की एक नवरत्न कंपनी ) क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह के मार्ग दर्शन में "स्वच्छता पखवाड़ा -2025" का आयोजन दिनांक 16.05.2025 से 31.05.2025 तक आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, एमडीएवी भवन, दरिया, चंडीगढ़ में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के दौरान 125 विद्यार्थियों ने स्वच्छता पर अर्थपूर्ण पोस्टर बनाये। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से यह बताने की कोशिश कि हमें अपने घर, स्कूल, पार्क, सड़क, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों व आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने अपने चित्रकला के माध्यम से दशार्या की डस्टबिन का प्रयोग करना चाहिए। सूखे और गीले कचरे के लिए अलग - अलग डस्टबिन का प्रयोग करें । उन्होंने यह भी कहा कि पूरी धरा को हरा भरा रखना हम सब की जिम्मेदारी है। प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करें। कई बच्चों ने ग्रीन इंडिया, क्लीन इंडिया का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि यदि स्वच्छता का ध्यान रखा जाए तो बीमारियां कम होगी और लोग स्वस्थ रहेंगे। बच्चों ने अपनी चित्रकला द्वारा लोगों से अपील की कि इस अभियान में नि:संकोच सभी शामिल हों। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने पर भी बल दिया। एनएचपीसी की ओर से पोस्टर बनाने के लिए सामग्री मुहैया करवाई गई तथा सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट भी दी गई। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विनोद कुमार ने स्वच्छता ही सेवा पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए एनएचपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## बोर्ड परीक्षा में नलवी स्कूल के छात्रों की चमक, दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन




एकजोत

**शाहाबाद मारकंडा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा हाल ही में घोषित दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य शमा मोहल ने बताया कि कॉमर्स संकाय में मानसी पुत्री साहब सिंह ने 432 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि प्रिया कश्यप पुत्री रवि कुमार ने 417 अंक लेकर द्वितीय तथा मनदीप कौर पुत्री तरसेम सिंह ने 402 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह आट्र्स संकाय में रजनी पुत्री गुरमीत सिंह ने 398 अंक लेकर प्रथम, मुस्कान पुत्री राज कुमार ने 397 अंक लेकर द्वितीय तथा रेणुका पुत्री बलकार सिंह ने 393 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस संकाय में भी 10 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। दसवीं कक्षा का परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें विद्यालय का कुल परिणाम 93.33% रहा। आरती ने 414 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सपना ने 413 अंक लेकर द्वितीय तथा जोया खातून ने 409 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कक्षा में 10 छात्रों ने 75% से अधिक तथा 30 छात्रों ने 60% से 75% अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्या ने इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयासों और मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर शिक्षक हरविंद्र सिंह, निशा चौहान, तरसेम लाल, बीरेंद्र सिंह, नरेंद्र, राम कुमार, शेर सिंह, गुलशन रानी, विकास शर्मा, रेणु बाला, अनार सिंह, महिपाल, अक्षिता, बलराज, शिष्टी, मनीष कुमार, अशोक, उमंग गांधी, आरती गर्ग, संदीप, भूषण, मान सिंह, शशि भूषण, हेमराज, अनु व मान सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

# लोहारू उप नागरिक अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को मिलेगी नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा, गर्भवती महिलाओं को मिलेगी सुविधा

## स्वास्थ्य विभाग ने निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र ओम अस्पताल को किया लिंक, विभाग वहन करेगा खर्चा, चिकित्सक की मनमानी पर लगेगी रोक

लोक प्रेरणा

**लोहारू।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत लोहारू स्थित उप नागरिक अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं की अल्ट्रासाउंड जांच अब बिल्कुल निःशुल्क हो सकेगी। उनके मोबाइल पर एक ई-वाउचर मिलेगा। इसे ही दिखाकर निजी जांच केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड कराया जा सकेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए नगर के ओम अल्ट्रासाउंड केंद्र को अस्पताल के साथ लिंक किया गया है। इसके तहत अब अस्पताल की ओर से गर्भवती महिलाओं को लिखी गई अल्ट्रासाउंड जांच इस निजी केंद्र पर निःशुल्क हो सकेगी तथा विभाग द्वारा इसका खर्च वहन किया जाएगा। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को समय व धन की तो बचत होगी ही बल्कि उन्हें दूरदराज के केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड के लिए नहीं भटकना पड़ेगा।




उल्लेखनीय है कि अब तक लोहारू व आसपास क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को अब अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए भिवानी, पिलानी, चिड़ावा या निजी केंद्रों पर जाना पड़ता था। इस परेशानी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भिवानी द्वारा लोहारू के उप नागरिक अस्पताल में जांच के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड के लिए नगर के ओम अस्पताल को अल्ट्रासाउंड केंद्र के साथ लिंक किया गया है।

अब अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए अस्पताल की ओर से एक रसीद जारी की जाएगी जिस पर मरीज की डिटेल के साथ अल्ट्रासाउंड करवाने वाले चिकित्सक का नाम, हस्ताक्षर, रजिस्ट्रेशन नंबर व मोहर होगी। गर्भवती महिला को यह रसीद विभाग द्वारा लिंक किए गए निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर जाकर दिखानी होगी। इसके बाद निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र के चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिला का निःशुल्क अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। अल्ट्रासाउंड पर आने वाला खर्च स्वास्थ्य विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। इसके लिए 350 रुपये प्रति अल्ट्रासाउंड की दर तय की गई है।

विदित रहे कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक माह की 9, 10 व 23 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच की जाती है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच व दवाओं की सुविधा निशुल्क प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के ओम अल्ट्रासाउंड केंद्र को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए लिंक किया गया है।

**चिकित्सकों की मनमानी पर लगेगी रोक:**

बता दें कि उप नागरिक अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों द्वारा अल्ट्रासाउंड जांच के लिए चहेते निजी केंद्रों पर भेजा जाता था। जहां अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए गर्भवती महिलाओं को धक्के खाने पड़ते थे वहीं उनसे निजी केंद्र 800 से 1000 रुपये तक वसूल करते थे। ऐसे में नगर के एक निजी अस्पताल में बने अल्ट्रासाउंड केंद्र के साथ अस्पताल के चिकित्सकों की सांठगांठ के आरोप भी लग चुके है। आरोप था कि यदि कोई महिला किसी अन्य केंद्र से अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट लेकर आती थी तो उसे रिपोर्ट क्लीयर न होने की बात कहते हुए चिकित्सक द्वारा चहेते अल्ट्रासाउंड केंद्र से रिपोर्ट लेने के लिए मजबूर किया जाता था जिस कारण मरीज को आर्थिक नुकसान वहन करना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास से गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों की मनमानी से निजात मिलेगी वहीं उनके समय व धन की बचत होने से फायदा होगा। क्षेत्रवासियों ने इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया है। जिन सरकारी अस्पतालों या सीएचसी-पीएचसी पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल पाती, उन मरीजों को अब परेशान होने की जरूरत नहीं है।

फोटो फाईलः 20 लोहारू 03 पी

# अनाज मंडी में सूरजमुखी की आवक तेज, सरकारी खरीद न होने से किसान परेशान

एकजोत

**शाहाबाद मारकंडा।** अनाज मंडी में सूरजमुखी की फसल की आवक में एकायक तेजी देखने को मिल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 दिन पूर्व प्रारंभ हुई सूरजमुखी की आवक में अब गत 3 दिन से प्रतिदिन फसल की 50 से 55 ट्रालियों का मंडी में आगमन हो रहा है। ऐसे में सरकारी खरीद न होने से किसानों की परेशानियां भी निरंतर बढ़ती जा रही है। अनाज मंडी में अपनी सूरजमुखी की फसल लेकर आए गांव पाडलू के किसान महल सिंह व अवतार



सिंह, नगला के किसान गुरप्रीत सिंह, नायब सिंह, बख्शीश सिंह व रविंद्र सिंह, झरौली के किसान संतोख सिंह, रावा के किसान रणजोध सिंह, काहनगढ़ के किसान बघेल सिंह व मक्खन सिंह तथा मद्दीपुर के किसान गुरदेव सिंह व जरनैल सिंह सरपंच ने बताया कि सूरजमुखी की सरकारी खरीद ना होने से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि आज की तारीख में उनकी फसल पक कर तैयार होकर मंडी में पहुंच चुकी है। खरीद ना होने की वजह से किसान अपनी फसल को मंडी में सुखा कर वापस ले जाने को मजबूर है। किसानों ने बताया कि एक बार फसल को मंडी में लेकर आना, पंखा आदि लगवा कर फसल को वापिस लेकर जाना और खरीद शुरू होने पर पुनः फसल को मंडी में लाकर सुखाने में किस को 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त खर्च बहन करना पड़ रहा है।

# सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नन्हे विद्यार्थी हुए ऋषि मार्कंडेश्वर मंदिर में नतमस्तक, मिला सांस्कृतिक व धार्मिक अनुभव

एकजोत

**शाहाबाद मारकंडा।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्री-नर्सरी से यू.के.जी. तक के लगभग 150 विद्यार्थियों को एक खास धार्मिक व सांस्कृतिक अनुभव का अवसर मिला जब वे ऋषि मार्कंडेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचे। छोटे-छोटे बच्चों ने मंदिर परिसर में माथा टेक कर अपने नन्हे हाथों से पूजा अर्चना की और वहां का माहौल देखकर अत्यंत आनंदित हुए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. घुम्मन ने बच्चों को धार्मिक विविधता और उसकी शिक्षा के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि विद्यालयी शिक्षा के साथ-साथ



बच्चों को धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों से भी परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे वातावरण में बच्चों को मानसिक शांति और आत्मिक प्रसन्नता मिलती है, जो उनके समग्र विकास के लिए लाभकारी होती है। मंदिर के पुजारी पंडित श्याम सुंदर और भजन लाल ने बच्चों को ऋषि मार्कंडेय के जीवन, उनके तप और शिक्षाओं के बारे में बताया। बच्चों ने ध्यानपूर्वक सारी बातें सुनीं और कई प्रश्न भी पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर पुजारियों ने दिया। बच्चों ने मंदिर परिसर में लगे विभिन्न प्रकार के झूलों व खेलों का भी भरपूर आनंद उठाया और आपस में खुशियां बांटीं। इस धार्मिक यात्रा से बच्चों को एक साथ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, मैडम लखविंदर कौर, रितु सैनी, मोनिका सचदेवा, सतनाम कौर, हरविंदर कौर, सुदर्शना, भावना गुप्ता, अरुण रानी, बलजीत सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे और बच्चों के साथ इस यादगार पल को सांझा किया। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम रहा, बल्कि उन्होंने धार्मिकता और संस्कृति का भी अद्भुत अनुभव प्राप्त किया।

# गर्मी के बीच तरबूज बना लोगों की पहली पसंद

## -बाजार में 10 से 15 रुपये किलो बिक रहा है तरबूज

लोक प्रेरणा

**लोहारू।** मई माह के दूसरे पखवाड़े में गर्मी के तेवरों के कारण लोगों की दिनचर्या के साथ-साथ उनके खानपान में भी बदलाव आ गया है। गर्मी व तेज धूप में हर इंसान अपनी प्यास बुझाने के लिए किसी न किसी शीतल पेयजल का सहारा ले रहे है तथा गन्ने का रस, मौसमी व आम का जूस तथा कोल्ड ड्रिंक आदि की मांग भी बढ़ी है। लेकिन इस गर्मी के मौसम में सबसे अधिक खाया जाने वाला व लाभकारी फल तरबूज लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। रोजाना तापमान में वृद्धि के कारण गर्मी बढ़ती जा रही है, लेकिन इस बार मंडी में अभी तक तरबूज की आवक कम होने से इसके भाव ज्यादा है वहीं साथ ही मिठास व जायका भी कम है। ऐसे में शौकीन लोग स्वाद नहीं ले पा रहे। बताया जा रहा है कि तरबूज को जल्द तैयार करने के लिए केमिकलों व इंजेक्शन का सहारा लिया जा रहा है। जिस कारण ये जल्दी पक जाते है तथा इनका स्वाद गायब हो जाता



है। गर्मी के दौरान तरबूज की मांग बढ़ जाती है, क्योंकि यह शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में फायदेमंद रहता है। इसके खाने से आयरन व कैल्शियम के साथ दिमाग को ताजगी मिलती है। इस बार गांवों की सेंचुरी में बोया जाने वाला तरबूज भी बाजार में अपनी रौनक बिखेर रहा है लेकिन सेंचुरी के तरबूज के भाव 15 से 20 रुपये प्रति किलो है वहीं देशी तरबूज 10 से 15 रुपये प्रति किलो ही बिक रहा है। तरबूज बेचने वाले दुकानदारों की माने तो प्रतिदिन तरबूज की खपत चार से पांच क्विंटल तक हो रही है। उन्होंने बताया कि लोग तरबूज को खाना अधिक पसंद करते है, क्योंकि यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक व विटामिन से भरा हुआ होता है, जो शरीर में ठंडक लाने के साथ-साथ गर्मी से राहत प्रदान करता है। इस मौसम में तरबूज की बिक्री सबसे अधिक हो रही है तथा लोग तरबूज खरीद रहे है।

सुबह से लेकर शाम तक तरबूज की बिक्री रहती है। उन्होंने बताया कि अबकी बार तरबूज की बंपर पैदावार हुई तो मिठास व जायका कम है परंतु लोग इसकी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। उनका मानना है कि यदि जून माह में लू के साथ तेज गर्मी पड़ेगी तो मिठास व जायका बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जहां तरबूज एक तरफ प्यास बुझाता है तो दूसरी तरफ यह गर्मी में होने वाली बीमारियों से भी बचाता है। इसलिए लोग गर्मी में तरबूज खाना ज्यादा पसंद करते है आजकल लोगों में तरबूज का केज भी ज्यादा बढ़ रहा है।

**आयरन व कैल्शियम से भरपूर है तरबूजः-**

तरबूज के गुणों पर चिकित्सकों ने बताया कि इसमें आयरन व कैल्शियम की भरपूर मात्रा होती है। गर्मी में तरबूज शरीर में पानी की कमी दूर करता है तो साथ दिमाग को तरोताजा रखता है। तरबूज जल्द पच भी जल्द जाता है। इसका सेवन करने से कई फायदे भी है तो नुकसान भी है। यदि तरबूज खराब व कई दिन पुराना है तो पेट के रोग जैसे हैजा, दस्त व उल्टी आदि की शिकायत बन जाती है।

## मारुति सुजुकी ने अपने खरखौदा प्लांट के आसपास सामुदायिक विकास के कार्यों की शुरूआत की



लोक प्रेरणा

**खरखौदा।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने खरखौदा प्लांट के पास के आठ गांवों में अपने सीएसआर से जुड़े कार्यों में बढ़ोत्तरी की है। अपनी सीएसआर प्रतिबद्धता के अंतर्गत, कंपनी स्थानीय समुदाय के प्रमुख लोगों के साथ परामर्श कर के शिक्षा, सामुदायिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सामुदायिक विकास के परियोजनाओं को लागू कर रही है। शिक्षा से जुड़ी अपनी पहलों के अंतर्गत, मारुति सुजुकी ने सोनीपत के शिक्षा विभाग के साथ मिलकर रोहना और थाना कलां गांवों में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में दो पुस्तकालय स्थापित किए हैं। ये पुस्तकालय कंप्यूटरों, 2100 से अधिक पाठ्य पुस्तकों और पठन सामग्रियों से सुसज्जित हैं। पुस्तकालय सुविधाओं से क्षेत्र के 600 छात्रों को लाभ मिलेगा, और डिजिटल साक्षरता एवं पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। आज आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार (आईएएस), सोनीपत के उपायुक्त और श्री राहुल भारती, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ने रोहना गांव में सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुस्तकालय का उद्घाटन किया।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, कॉर्पोरेट अफेयर्स, श्री राहुल भारती ने कहा, एक इंडस्ट्री लीडर के रूप में, मारुति सुजुकी ने गुड़गांव, मानेसर, रोहतक और मेहसाणा में अपने संयंत्रों के आसपास के क्षेत्रों में सामुदायिक विकास को लगातार प्राथमिकता दी है। खरखौदा हमारा नया ग्रीनफील्ड संयंत्र है। शिक्षा, सामुदायिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता में हमारी केंद्रित सीएसआर पहलों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य स्थानीय समुदायों और वेंडर कर्मचारियों को सशक्त बनाना और क्षेत्र में जीवन स्तर में समग्र सुधार करना है।

## स्टूडेंट्स ने सैमसंग की पहल सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 के लिए रजिस्टर किया

लोक प्रेरणा

**सोनीपत।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग अपनी प्रमुख सीएसआर पहल ह्यसॉल्व फॉर टुमॉरोह्ल के जरिए युवा स्टूडेंट्स को भविष्य के टेक उद्यमी और सामाजिक बदलाव लाने वाले बनने में मदद कर रहा है। दिल्ली एनसीआर और हरियाणा के स्कूलों-कॉलेजों में



जनरेशन जी के युवाओं के बीच इस पहल के लिए रजिस्ट्रेशन तेजी से बढ़ रहा है। भारत भर के स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित इंटरैक्टिव डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप और ओपन हाउस सत्रों के माध्यम से, सैमसंग कक्षा में होने वाली पढ़ाई को व्यावहारिक समस्या-समाधान दृष्टिकोण से प्रभावी ढंग से जोड़ रहा है। स्टूडेंट्स समाधान की अवधारणा से आगे बढ़कर प्रोटोटाइप बना रहे हैं, विशेषज्ञों के सामने अपने विचार प्रस्तुत कर रहे हैं, और उद्यमिता की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। नई दिल्ली, गुरुग्राम और सोनीपत जैसे शहरों में पहले से ही रोडशो शुरू हो चुके हैं, इस पहल ने शैक्षणिक संस्थानों से हजारों स्टूडेंट्स को सफलतापूर्वक जोड़ा है, और इसकी योजना पूर्वोत्तर राज्यों सहित अन्य राज्यों में विस्तार करने की है। स्टूडेंट्स नए-नए, समुदाय-केंद्रित आइडियाज लेकर आ रहे हैं जो स्वास्थ्य, शिक्षा, सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक समानता जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण वास्तविक समस्याओं का समाधान करते हैं। कई प्रतिभागियों के लिए, ये सत्र समस्या-समाधान पद्धतियों, मेंटरशिप और उद्यमशीलता मानसिकता विकास के साथ उनका पहला संरचित अनुभव प्रदान करते हैं। इस वर्ष, प्रतिभागियों को चार प्रमुख थीम्स के तहत समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैः सुरक्षित, स्मार्ट और समावेशी भारत के लिए एआई; भारत में स्वास्थ्य, स्वच्छता और कल्याण का भविष्य; खेल और शिक्षा व बेहतर भविष्य के लिए तकनीक के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन; और तकनीक के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता। आवेदन जमा होने के बाद, 100 टीमों- प्रत्येक थीम के लिए 25 टीमें- को विषय विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन मेंटरिंग के लिए चुना जाएगा। इसके बाद ये टीमें वीडियो पिच राउंड में प्रवेश करेंगी, जिसमें से शीर्ष 40 टीमें चुनी जाएंगी। हजारों स्टूडेंट्स की बढ़ती भागीदारी और छोटे शहरों में इसके तेजी से विस्तार के साथ, सॉल्व फॉर टुमॉरो एक राष्ट्रीय मंच के रूप में विकसित हो रहा है। यह जमीनी स्तर पर नवाचार और युवा-प्रेरित बदलाव को बढ़ावा देता है। आवेदन की समय सीमा 30 जून, 2025 तक भारत भर के स्कूल और कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए खुली है।

## वी ने लॉन्च किया नया कैंपेन: 6 महीनों में 1,00,000 से अधिक टॉवर्स के एडिशन को किया हाईलाईट

लोक प्रेरणा

**हिसार।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज वित्तीय वर्ष 24-25 के 6 महीनों के दौरान देश भर में 1,00,000 से अधिक टावर्स शामिल करने की उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मनाते हुए अपने नए कैंपेन का अनावरण किया। यह उपलब्धि नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने तथ नेटवर्क का पैमाना और स्पीड बढ़ाने की वी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।




बड़े ही रोमांचक एवं मनोरंजक अदांज में अपने नेटवर्क विस्तार पर रोशनी डालते हुए यह कैंपेन वी के नए नेटवर्क अवतार- द नेटीज लेकर आया है- एनीमेटेड कैरेक्टर्स का यह सेट मोबाइल टावर्स से प्रेरित है। आईपीएल के उत्साह के बीच ये अवतार क्रिकेट खिलाड़ियों की डायनामिक टीम के रूप में पेश किए गए हैं, सीजन की सबसे मजबूत टीम का प्रतीक हैं। मस्ती और जोश से भरपूर यह टीम यादगार तरीके से नेटवर्क क्रेडेन्शियल्स को जीवंत करते हुए वी के विकसित होते नेटवर्क की क्षमता, पैमाने और फुर्ती का प्रतिनिधित्व करती है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अवनीश खोसला, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, वी ने कहा, हमारे नेटवर्क का विस्तार सिर्फ पैमाने के बारे में नहीं है बल्कि स्मार्ट और स्ट्रैटेजिक डिप्लॉयमेन्ट के बारे में भी है। ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों को प्राथमिकता देकर, अपनी स्पैक्ट्रम दक्षता का लाभ उठाकर और गुणवत्तापूर्ण इंडोर अनुभव पर फोकस कर हम भविष्य के लिए तैयार उच्च परफोर्मेन्स वाला नेटवर्क उपलब्ध कराते हैं। छह महीनों में एक लाख टॉवर शामिल करना और सर्वश्रेष्ठ 4ॠ अनुभव के लिए मान्यता मिलना निरंतर उच्च गुणवत्ता की कनेक्टिविटी के साथ उपभोक्ताओं को बेजोड़ सेवाएं प्रदान करने की वी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

हाल ही के महीनों में वी ने अपने नेटवर्क के विस्तार में तेजी से प्रगति की है। इसने मुंबई, चण्डीगढ़ और पटना में 5ॠ सेवाओं का लॉन्च किया और जल्द ही दिल्ली एवं बैंगलोर में भी लॉन्च के लिए तैयार है। साथ ही वी ने 900 MHz, 1800 MHz, 2100 MHz, 2300 MHz स्पैक्ट्रम बैण्ड्स पर नए टॉवर्स एवं अपग्रेड्स के माध्यम से क्षमता और कवरेज बढ़ाते हुए अपने 4G नेटवर्क को भी मजबूत बनाया है। इस विस्तार के परिणामस्वरूप उपभोक्ता बेहतर इंडोर एवं आउटडोर कवरेज, फास्ट डेटा स्पीड एवं व्यापक सर्विस फुटप्रिन्ट का लाभ उठा सकते हैं- 4G का सशक्त अनुभव अब 1.07 बिलियन उपभोक्ताओं तक पहुंच गया है।

# बबीता देवी चुनी गई एमपीएचई एसोसिएशन लोहारू खंड की प्रधान, मंदीप कुमार बने सचिव

## एमपीएचई एसोसिएशन की लोहारू खंड कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न

**लोक प्रेरणा**

**लोहारू,।** मंगलवार को नगर स्थित उप नागरिक अस्पताल परिसर में एमपीएचई एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसोसिएशन की राज्य प्रधान शर्मिला देवी उपस्थित रही तथा लोहारू खंड की नई कार्यकारिणी का गठन करने बारे विचार विमर्श किया गया। मंच संचालन अजय दहिया द्वारा किया गया। इस दौरान विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से एमपीएचई एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बबीता देवी को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का लोहारू खंड का प्रधान चुना गया जबकि मंदीप कुमार को सचिव चुना गया। वहीं नीरज देवी को उपप्रधान, मनीष कुमार को कोषाध्यक्ष, राजेंद्र को सहसचिव चुना गया। प्रेस सचिव की जिम्मेवारी अजय कुमार को दी गई तथा सुमेर सिंह को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। चुनाव के बाद नवनियुक्त खंड कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। जिला प्रधान रविंद्र धोनी ने नई



कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए कहा कि लोहारू खंड की कार्यकारिणी पूरी एकजुटता के साथ एसोसिएशन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करें ताकि एसोसिएशन द्वारा उनकी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए जोरदार पैरवी की जा सके। राज्य प्रधान शर्मिला देवी ने कहा कि एसोसिएशन का प्रयास है कि सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए, इसके लिए एसोसिएशन प्रयास कर रही है। किसी भी एमपीएचई एसोसिएशन के सदस्य को किसी प्रकार की परेशानी है तो वह उसे एसोसिएशन के समक्ष रख सकता है, उसका हर संभव समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को भी सुना तथा जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

नवनियुक्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने एसोसिएशन का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वे उसका पूरी कर्तव्य निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा एसोसिएशन को मजबूती प्रदान करेंगे। इस दौरान लोहारू सीएचसी के अंतर्गत सभी एमपीएचएच व एमपीएचडब्ल्यू मौजूद रहे।

# दिल्ली पुलिस के एएसआई ने खुद अपने आप को मारी गोली

**लोक प्रेरणा**



**नई दिल्ली।** राजधानी में पूर्वी दिल्ली के जी.डी कॉलोनी इलाके में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब उस्मानपुर थाने में तैनात असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) ललित सिरोही ने खुद को गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 8 बजे जब उनकी पत्नी बच्चों को स्कूल छोड़कर लौटीं, तो उन्होंने कमरे में ललित सिरोही को खून से लथपथ हालत में देखा।

वहीं मौके पर उनकी सरकारी पिस्टल भी पड़ी थी। परिजन उन्हें तुरंत लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। एएसआई ललित सिरोही पिछले दो-तीन सालों से मानसिक तनाव और डिप्रेशन से जूझ रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और कमरे को सील कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस परिवार वालों से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश कर रही कि बीते कुछ समय से उनके व्यवहार में क्या कोई बदलाव था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार ललित सिरोही दिल्ली पुलिस में एक अनुशासित अधिकारी के रूप में जाने जाते थे और उनके सहकर्मी उन्हें शांत स्वभाव का बताते हैं।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मई-जून 2025 के दौरान उत्तर भारत में अपने सभी डीलरशिप पर 'मेगा समर सेलिब्रेशन' की घोषणा की

**लोक प्रेरणा**




**फरीदाबाद।** बिक्री, सर्विस, पुरानी कार, एक्सेसरीज और अन्य पर आकर्षक ऑफर! इस मौसम में अपने 'मेगा समर सेलिब्रेशन' की शुरूआत करके टोयोटा गर्मी बढ़ा रही है। यह उत्तर भारत में सभी अधिकृत टोयोटा डीलरशिप पर एक पहल है। नई कार खरीदने की योजना हो, मौजूदा कार की सर्विस करानी हो, प्रमाणित पुरानी कारों को देखना हो या वाहन एक्सेसरीज को अपग्रेड करना हो, यह ग्राहक के लिए डील का लाभ उठाने का मौका है!

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपने 'मेगा समर सेलिब्रेशन' की शुरूआत की घोषणा की। इसमें कई बेहतरीन ऑफर शामिल हैं। अपने "ग्राहक-प्रथम" दर्शन पर कायम रहते हुए, इस अभियान का उद्देश्य नई टोयोटा कारों, टोयोटा कार सर्विस और पुरानी कारों की खरीद पर ग्राहकों को गर्मियों के महीनों में मूल्य प्रदान करना है * । मेगा समर सेलिब्रेशन एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, जम्मू और कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश में टोयोटा की अधिकृत डीलरशिप पर उपलब्ध है और मई से जून 2025 तक चलेगा।
अभियान के बारे में बताते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट और मुख्य प्रतिनिधि झ उत्तर क्षेत्र, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार, श्री सबरी मनोहर ने कहा, "अपने 'ग्राहक-प्रथम' दर्शन के साथ, हम अपने मूल्यवान ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्राहकों से मिली जानकारी के आधार पर, हमने अधिकृत टोयोटा डीलरशिप से नई कारों और पुरानी कारों की खरीद के लिए शानदार समर स्कीम तैयार की है। हमारे कस्टमाइज्ड स्पेशल सर्विस वैल्यू पैकेज आपकी कार को कूल और सड़क पर चलने के लिए तैयार रखेंगे। हमें विश्वास है कि यह अभियान स्वामित्व की संतुष्टि को बढ़ाएगा और टोयोटा वाहन चलाने के आनंद को मजबूत करेगा।"
इन पेशकशों के अलावा, हम ग्राहकों को गर्मियों के दौरान अपने वाहन के प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए सरल कार देखभाल उपाय करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इनमें टायर और बैटरी के स्वास्थ्य का निरीक्षण करना, रबर के पुर्जों की जाँच करना और जरूरत पड़ने पर उन्हें बदलना, कार कवर या सनशेड का उपयोग करना और समय पर सर्विसिंग सुनिश्चित करना शामिल है। हम सुरक्षित पार्किंग व्यवहार की भी सलाह देते हैं, जैसे कि सूखे पत्ते, कचरे के ढेर आदि के पास के क्षेत्रों से बचना। अतिरिक्त आराम और सुविधा के लिए, चलते समय कार में पीने का पानी, वेट वाइप्स और छाता जैसी आवश्यक चीजें रखने की सलाह दी जाती है।

# विश्वास पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## देशुन बने हेड बॉय, परीजा बनीं हेड गर्ल-छात्रों ने ली निष्ठा और अनुशासन की शपथ

**एकजोत**

**शाहाबाद मारकंडा।** विश्वास पब्लिक स्कूल शाहाबाद के सीनियर व जूनियर विंग में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या स्नेह राजपाल ने परिषद के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को ईमानदारी, अनुशासन, और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इस वर्ष विद्यार्थी परिषद में देशुन को हेड बॉय और परीजा को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। वहीं, कार्तिक को डिप्टी हेड बॉय और सुदीक्षा को डिप्टी हेड गर्ल की जिम्मेदारी सौंपी गई। जश्न खुराना को डिसिप्लिन बॉय, पलक को डिसिप्लिन गर्ल, सिद्धार्थ को डिप्टी डिसिप्लिन बॉय और काम्या को डिप्टी डिसिप्लिन गर्ल बनाया गया। प्राचार्य राजपाल ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी परिषद के सदस्य विद्यालय की रीढ़ होते हैं। वे न



केवल अनुशासन और नेतृत्व के उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, बल्कि अपने सहपाठियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी बनते हैं। उन्होंने कहा कि यह समारोह छात्रों को नेतृत्व कौशल, जिम्मेदारी की भावना और आत्मविश्वास से भरने का अवसर देता है। विद्यालय में चार सदनों विवेकानंद, सुभाष, भगत सिंह और राम तीरथ का गठन किया गया। सभी सदनों के इंचार्ज शिक्षकों द्वारा अपने-अपने सदन के कैप्टन, वाइस कैप्टन और परफेक्ट्स के नामों की घोषणा की गई और चयनित छात्रों को बैज व सेश पहनाकर सम्मानित किया गया। विवेकानंद सदन से तनिष्का (कैप्टन), परमवीर (वाइस कैप्टन) सहित कनिष्क, वैष्णवी, गर्विश, एकमवीर, एकमजीत, वीरेंद्र, तनवीर और विहान परफेक्ट बने। सुभाष सदन से युग (कैप्टन), पीहू (वाइस कैप्टन) और अन्य परफेक्ट्स में माहिर, एकमप्रीत, मनरीत, कविश, दक्षदीप, दिवरूप, साजन व मयंक शामिल रहे। भगत सिंह सदन से प्रभतेज (कैप्टन), परनीत कौर (वाइस कैप्टन) और हितांश, अनुपमा, लविश, आयुष, सहजदीप, आराध्या, अभिनव व गुरमनदीप परफेक्ट चुने गए। राम तीरथ सदन से मानसी (कैप्टन), दीपांशु (वाइस कैप्टन) व परफेक्ट्स में भारती, एविश, अंतरिक्ष, राम, चार्वी, तेजस, वेदांत और अभिजोत शामिल रहे। कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों में प्रियांशी, पार्थ, सान्वी और जसतेग परफेक्ट चुने गए। जूनियर विंग में सुभाष हाउस से एकनूर को हेड गर्ल और गौरांश को हेड बॉय नियुक्त किया गया। सुभाष सदन में नाविका (कैप्टन), दीक्षा (वाइस कैप्टन), सिमरत, वृंदा, जीविका, अक्षरा, अन्वी, जपजी और रिद्धि डिप्टी डिसिप्लिन इंचार्ज चुनी गईं। विवेकानंद सदन से सान्वी (कैप्टन), इदिका (वाइस कैप्टन), जसकीरत, एश्विका, मैत्रिका, पूर्वी, लावण्या, अर्शिया और एषणा को डिप्टी डिसिप्लिन इंचार्ज नियुक्त किया गया। सभी चयनित छात्रों ने संकल्प लिया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करेंगे तथा विद्यालय के अनुशासन और मूल्यों को सर्वोपरि रखेंगे।

# जिन्ना की फंडिंग में इस्तेमाल हुई संपत्ति पर अली खान महमूदाबाद के परिवार का हक भाजपा ने रोका : थिंक टैंक



**नई दिल्ली।** ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन के सीईओ अखिलेश मिश्रा ने महमूदाबाद एस्टेट की विवादित विरासत को लेकर एक बार फिर बहस छेड़ दी है। उन्होंने दावा किया है कि 2017 में भाजपा सरकार की पहल से अली खान महमूदाबाद के परिवार को उनकी विशाल पैतृक संपत्ति का वारिस बनने से रोक दिया गया।
अली खान महमूदाबाद अशोका यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं, जिन्हें हाल ही में एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर गिरफ्तार किया गया है।
अखिलेश मिश्रा ने एनिमी प्रॉपर्टी एक्ट के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि दिवंगत नेता अरुण जेटली पहले ही यह स्पष्ट कर चुके थे कि 1968 के इस कानून ने महमूदाबाद के राजा को भारत में उनकी सभी संपत्तियों से वंचित कर दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने गलती से यह निर्णय दिया कि राजा का बेटा (जो भारत में रहता था) संपत्ति का वारिस बन सकता है, जबकि राजा स्वयं पाकिस्तान के नागरिक बन चुके थे।
मिश्रा के अनुसार, तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को पलटने की कोशिश में एक अध्यादेश लाया था, लेकिन "यूपीए की वोट बैंक राजनीति" के चलते वह अध्यादेश गिर गया। बाद में 2017 में भाजपा सरकार ने कानून बनाकर इस मामले का स्थायी समाधान किया और महमूदाबाद परिवार को संपत्ति मिलने से रोक दिया।
मिश्रा ने कहा, "भाजपा सरकार की इस कार्रवाई के चलते महमूदाबाद परिवार उस विशाल संपत्ति का वारिस नहीं बन सका, जिसे राजा महमूदाबाद ने जिन्ना और पाकिस्तान के विचार को समर्थन देने के लिए इस्तेमाल किया था।"
यह टिप्पणी उस समय आई है जब अली खान महमूदाबाद को हाल ही में गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी एक पोस्ट को लेकर देशद्रोह, संप्रभुता और एकता को खतरे में डालने जैसे गंभीर आरोपों में एफआईआर दर्ज की गई है।
अखिलेश मिश्रा ने अली खान पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें "पाकिस्तान की भाषा बोलने वाला" बताया।
मिश्रा ने अली खान की फेसबुक पोस्ट पर कहा कि उसमें पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर के तर्कों को भारत के संदर्भ में दोहराया गया। उन्होंने कहा, "उनकी भाषा, पाकिस्तान की सैन्य सोच को सीधे तौर पर प्रतिबिंबित करती है।"

# गर्मी के साथ ही प्राकृतिक ठंडाई राबड़ी का जलवा गांवों में आज भी बरकरार

## -बच्चे, युवा व बुजूर्गो का पंसदीदा पेय पदार्थ बनी राबड़ी

**लोक प्रेरणा**

**सतनाली।** गर्मी में तन को ठंडक पहुंचाने के लिए जहां लोग विभिन्न कंपनियों के पेय पदार्थ व विभिन्न प्रकार के जूस का प्रयोग करते है वहीं दक्षिणी हरियाणा के रेतीले क्षेत्र में तन झुलसा देने वाली गर्मी से राहत दिलाने के लिए प्राचीन पेय पदार्थ राबड़ी का जलवा अब भी बरकरार है। तन झुलसाने वाली गर्मी से बचाव के लिए गांवों में लस्सी व राबड़ी का स्वाद लोग ले रहे है वहीं राबड़ी गर्मी से बचाने के लिए कारगर साबित हो रही है जिस कारण बच्चे तो बच्चे, युवा व बुजुर्ग भी इसका प्रयोग कर रहे है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग गर्मी के मौसम में राबड़ी का जमकर प्रयोग करते है। यह उन्हें गर्मी से तो बचाता ही है साथ में एक स्वास्थ्य वर्धक टॉनिक का काम भी करती है। रात के समय बनाकर रखी हुई राबड़ी को किसान हो या ग्रामीण दिनभर उपयोग करते हैं और भीषण गर्मी में राहत महसूस करते हैं। राबड़ी गर्मी के साथ-साथ बीमारियों से भी बचाव करती है। राबड़ी के बढ़ते प्रचलन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसे बनाने के पदार्थ और यहां तक कि लस्सी भी ग्रामीण परिवेश में बिकने लगा है।

**ऐसे तैयार की जाती है राबड़ी:-**
राबड़ी के निर्माण में जौ की घाट, नमक, छाछ, प्याज आदि की जरूरत होती है। राबड़ी बनाने के लिए ज्यादा बेहतर जौ का आटा है किंतु आजकल बाजरे के आटे से भी लोग राबड़ी बनाने लगे है क्योंकि जौ का आटा बहुत कम मिलता है। बुजुर्ग भतेरी देवी, रामकला के अनुसार राबड़ी बनाने के लिए हांडी की जरूरत होती है। हांडी में जौ का आटा छाछ में घोलकर धीमी आंच पर पकाते है। इसके अंदर प्याज व बाजरे के कुछ दाने डाल देते है। कुछ लोग चने की दाल भी डाल देते है। लंबे समय तक आंच पर पकने के बाद इसे आग से उतारकर रख देते हैं। सुबह होने पर राबड़ी को छाछ में घोलकर प्याज एवं रोटी के साथ खाते है। ग्रामीणों की मानें तो राबड़ी शरीर में शक्ति उत्पन्न करती है। वहीं प्याज लू लगने से बचाती है। रोटी एवं छाछ खाना उच्च रक्तचाप से बचाने का साधन है।

**राबड़ी के लिए घाट बनाना:-**
राबड़ी बनाने के लिए घाट की जरूरत होती है जिसे जौ को ओखली व मूसली से कूट-कूटकर तैयार किया जाता था। इससे पूर्व जौ को कई दिनों तक पानी में भिगोया जाता था। अब तो जौ की घाट बाजार में तैयार मिलती है। गर्मी के दिनों में राबड़ी पीना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है वहीं बाजार में बिकने वाले पेय पदार्थो की तुलना में इसके साइड इफेक्ट भी नहीं है। राबड़ी को प्राकृतिक ठंडाई का दर्जा प्रदान किया गया है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी महत्ता व पहचान आज तक बरकरार है।

# नया ओसीआई पोर्टल नागरिक-अनुकूल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बेहतर कार्यक्षमता वाला नया ओसीआई पोर्टल नागरिक-अनुकूल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।
पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह के एक पोस्ट को साझा करते हुए लिखा, "उन्नत सुविधाओं और बेहतर कार्यक्षमता के साथ नया ओसीआई पोर्टल नागरिक अनुकूल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।"
अमित शाह ने भारतीय मूल के लोगों के पंजीकरण को सुगम बनाने के लिए यूजर इंटरफेस के साथ ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) के नए पोर्टल का शुभारंभ किया। यह शुभारंभ भारतीय प्रवासियों के लिए नागरिक सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है।
केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, नया पोर्टल पिछले दशक में तेजी से हुई तकनीकी प्रगति और पिछली प्रणाली से संबंधित समस्याओं के संबंध में मौजूदा ओसीआई कार्डधारकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर विकसित किया गया है।

# पार्षदों ने क्यों छोड़ी आम आदमी पार्टी? कमल भारद्वाज ने बताई वजह

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी (आप) को हाल ही में बड़ा झटका लगा है। उसके 15 निगम पार्षदों ने पार्टी छोड़कर एक नई राजनीतिक पार्टी बना ली है। हौज खास वार्ड नंबर 148 से निगम पार्षद कमल भारद्वाज ने इस नए राजनीतिक मोर्चे की अगुवाई की है।
कमल भारद्वाज ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि आम आदमी पार्टी में हमारी कोई सुनवाई नहीं होती थी। हमने जनता की उम्मीदों के साथ पार्षद पद संभाला था, लेकिन पार्टी के भीतर कोई हमारी बात सुनने और समस्याओं को हल करने वाला नहीं था। उन्होंने कहा, "पिछले ढाई सालों में हमारे वार्ड और क्षेत्र में विकास के काम रुके पड़े थे। जनता के मुद्दों को उठाने के लिए हमें मजबूरी में पार्टी छोड़नी पड़ी और एक नया संगठन खड़ा करना पड़ा। आने वाले समय में हम अपने मुद्दों को सदन से लेकर सरकार तक हर मंच पर उठाएंगे।" कमल भारद्वाज ने यह भी संकेत दिया कि जल्द ही और पार्षद उनके साथ जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, "फिलहाल 15 पार्षद हमारे साथ हैं, लेकिन यह संख्या बढ़ेगी।
हम पूरी ताकत के साथ अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे।"
पार्टी छोड़ने के सवाल पर कमल भारद्वाज ने कहा, "अगर कोई परिवार का सदस्य परेशान होता है, तो बड़ों की जिम्मेदारी होती है कि उसकी बात सुने और समाधान निकाले, लेकिन जब कोई बात नहीं सुनी जाती तो ऐसे फैसले लेने पड़ते हैं।" वहीं, दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इसे भाजपा की साजिश करार दिया है। आम आदमी पार्टी के मुताबिक इस पूरी योजना के पीछे भाजपा का षड्यंत्र है।

# कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, कहा- सिंदूर का सौदा होता रहा, लेकिन प्रधानमंत्री चुप रहे

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस ने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र सरकार और विदेश मंत्री से सवाल किया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने खुद मीडिया एजेंसियों को बताया कि हमने हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, "युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीति के रणनीतिकारों द्वारा भी लड़े जाते हैं। सेनाएं बहादुरी से सीमाओं पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में बहुत अहम भूमिका उन रणनीतिकारों की भी होती है, जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। जो सेना के पराक्रम को या तो बूस्ट कर सकती है या सेना के पराक्रम को नुकसान पहुंचा सकती है।" उन्होंने कहा, "हमारे नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री के बयान पर कुछ सवाल पूछे हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण इसलिए हो जाता है, क्योंकि पिछले एक हफ्ते में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलग-अलग देशों में एक बात दोहराते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाने में मध्यस्थता की। ट्रंप ने एक बहुत खौफनाक बात यह भी बोली कि उन्होंने भारत को व्यापार रोकने की धमकी देकर युद्ध रुकवाया यानी सिंदूर का सौदा होता रहा, लेकिन प्रधानमंत्री चुप रहे। विदेश मंत्री के मुंह से एक शब्द नहीं निकल रहा। हमें नहीं मालूम कि अमेरिका और चीन के पास पीएम मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर और भाजपा के नेताओं के ऐसे कौन से राज हैं, क्योंकि इनका कभी अमेरिका और चीन के आगे मुंह नहीं खुलता।
जब भी मुंह खुलता है तो सीधा क्लिन चिट देने के लिए खुलता है। आपके जो रहस्य उनके पास होंगे, हमें उनसे कोई मतलब नहीं, लेकिन उससे देश को नुकसान क्यों पहुंच रहा है?"

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए पूछा, "पहलगाम हमले का न्याय क्यों नहीं मिल पाएगा, क्योंकि आप चीन और अमेरिका से डरते हैं। पूरे देश और दुनिया को मालूम है कि इस युद्ध में चीन की क्या भूमिका रही है और अमेरिका खुद इस युद्ध को रोकने में अपनी भूमिका आगे बढ़-चढ़कर बता रहा है, लेकिन जयशंकर का मुंह नहीं खुलता। इसलिए ये सवाल पूछना काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।"

उन्होंने जयशंकर पर सवाल उठाते हुए कहा, "विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने खुद मीडिया एजेंसियों को बताया कि हमने हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है? विदेश मंत्री को पाकिस्तान पर इतना भरोसा है कि उनके कहने पर आतंकी चुपचाप बैठेंगे? विदेश मंत्री का क्या रिश्ता है और उन्होंने हमले से पहले पाकिस्तान को क्यों बताया? दरअसल, इसे कूटनीति नहीं बल्कि मुखबिरी कहा जाता है। विदेश मंत्री ने जो बोला उसे सबने सुना- फिर भी इस पर लीपापोती की जा रही है।"

उन्होंने कहा, "क्या इसी मुखबिरी की वजह से मसूद अजहर जिंदा बच गया और हाफिज सईद जिंदा भाग गया? क्या देश को जानने का हक नहीं है कि पाकिस्तान को हमले की सूचना देकर मसूद अजहर को दोबारा बचाया गया, क्योंकि इससे पहले मसूद अजहर को कंधार हाईजैक के समय छोड़ा गया था। विदेश मंत्री का यह बयान संवेदनशील है, क्योंकि इस बयान से तो यही लगता है कि आतंकी अपने ठिकानों से

# मकोका के आरोपी नरेश बाल्यान की जमानत याचिका का दिल्ली पुलिस ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में आम आदमी पार्टी नेता नरेश बाल्यान के खिलाफ मकोका के मामले में दायर जमानत याचिका का दिल्ली पुलिस ने विरोध करते हुए कहा है कि बाल्यान के खिलाफ गंभीर आरोप हैं और उसके खिलाफ एक पूरक चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।
नरेश बाल्यान की ओर से जमानत की मांग करते हुए कहा गया है कि चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब कोई जांच बची नहीं है।

# दिल्ली में मुठभेड़ के बाद आरोपी गिरफ्तार

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के उत्तर पश्चिमी जिले की आपरेशन सेल की एटीएस टीम ने मुठभेड़ के बाद एक 75 हजार के इनामी घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अरविंद कश्यप के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी लगभग 18 से ज्यादा मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और एक समयपुर बादली थाना इलाके से चोरी की बाइक बरामद की है। उत्तर-पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा गया अपराधी अरविंद कश्यप ने बीती 26



फरवरी को दिल्ली के केशव पुरम थाना इलाके में एक कार सवार को मनी एक्सचेंज के मामले में बहला फुसलाकर बुलाया और उससे करीब साढे चार लाख रुपये से भरा नोटों का बैग लूटकर फरार गया। पुलिस इस मामले में तीन अपराधियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। जबकि ये आरोपी तभी से फरार था। डीसीपी ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि अरविंद कश्यप दिल्ली के शालीमार बाग इलाके मे हैदरपुर नहर के पास आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर टीम ने इलाके में जाल बिछाया और जैसे ही अरविंद कश्यप वहां पहुंचा,तभी पुलिस ने उसको रूकने के लिए इशारा किया। लेकिन तुरंत आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जोकि एक गोली शालीमार बाग थाने में तैनात हेड कांस्टेबल परविंदर की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। इधर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में करीब चार राउंड फायर किए और अपराधी अरविंद कश्यप को मौके पर ही दबोच लिया। हालाँकि पुलिस ने अरविंद कश्यप पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ था। जांच में पता चला है कि केशवपुरम में वारदात को अंजाम देने के बाद इसने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरपुर में भी एक वारदात को अंजाम दिया। वहीं उत्तर प्रदेश की पुलिस ने भी इस पर 50 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था।

# लाइमलाइट लैब ग्रोन डायमंड्स ने गुरुग्राम में 36वां स्टोर खोलकर देश में बढ़ाई अपनी मौजूदगी



**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी सस्टेनेबल लग्जरी डायमंड ब्रांड, लाइमलाइट लैब ग्रोन डायमंड्स ने हरियाणा के यूनिट नं. 2, गुड अर्थ सिक्सटी9, सेक्टर 69, गुरुग्राम - 122018, में अपने 36वें एक्सक्लूसिव स्टोर का भव्य उद्घाटन किया। इस मौके पर ब्रांड के डायरेक्टर श्री करम सिंह चावला के साथ क्षेत्रीय पार्टनर्स श्री आशीष अग्रवाल और श्रीमती श्वेता अग्रवाल भी मौजूद थे।

गुरुग्राम के प्रमुख इलाके में स्थित यह नया स्टोर, भारतभर में कॉन्शियस लग्जरी को सुलभ बनाने की लाइमलाइट की मुहिम का अगला कदम है। यह स्टोर ब्रांड की इनोवेशन, खूबसूरती और स्थायित्व की पहचान को इस क्षेत्र के ग्राहकों तक पहुंचाता है।

इस मौके पर श्री करम सिंह चावला ने कहा, "गुरुग्राम में हमारा 36वां स्टोर खोलना हमारे लिए बेहद खास है। इस शहर के तेजी से विकसित हो रहे लग्जरी बाजार और पर्यावरण के प्रति सजग ग्राहक ही गुरुग्राम को लाइमलाइट के लिए आदर्श मार्केट बनाते है। हमारे लैब ग्रोन डायमंड केवल इनोवेशन का परिणाम नहीं, बल्कि खूबसूरती और ज़िम्मेदारी के मेल की सोच को भी दशार्ते हैं।

इस मौके पर श्री आशीष अग्रवाल ने कहा, "लैब ग्रोन डायमंड्स ही आज की कॉन्शियस और सस्टेनेबल लग्जरी का भविष्य हैं। गुरुग्राम जैसे शहर में आधुनिक और अर्थपूर्ण ज्वेलरी की बढ़ती मांग को देखते हुए, हमें भरोसा है कि लाइमलाइट के उत्कृष्ट डिजाइन और विश्वसनीय सेवाओं को ग्राहकों का भरपूर प्यार मिलेगा।

इस लॉन्च के साथ, लाइमलाइट ने अपना तेज राष्ट्रीय विस्तार जारी रखा है। अब मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई जैसे महानगरों सहित भारत भर में 35+ एक्सक्लूसिव स्टोर और 40+ शॉप-इन-शॉप्स के साथ 40+ शहरों में मौजूद, इस ब्रांड ने सस्टेनेबल सॉलिटेयर ज्वेलरी के लिए जाने-माने गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की है।यह ब्रांड लाइफटाइम बायबैक, कस्टमाइजेशन, 100% एक्सचेंज और वैल्यू-प्रोटेक्टेड इंश्योरेंस सहित अतिरिक्त ग्राहक लाभ प्रदान करता है, जो ज्वेलरी रिटेल में विश्वास और पारदर्शिता के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। लाइमलाइट के हर स्टोर की तरह, यहां भी ग्राहकों को प्रीमियम शॉपिंग अनुभव के साथ , व्यक्तिगत सेवा और हर खरीदी पर पूरी पारदर्शिता मिलेगी ।

# पहाड़ों और वाइकिंग के किस्सों के बीच बीते बचपन से निकली है हाउ टू ट्रेंड योर ड्रैगन की कहानी



**नई दिल्ली।** यूनिवर्सल पिक्चर्स (जिसे वार्नर्स ब्रदर्स डिस्कवरी डिस्ट्रिब्यूट कर रही है) हाउ टू ट्रेंड योर ड्रैगन के जरिए एक पीढ़ी की यादों से जुड़े जादू को फिर से परदे पर जीवंत करने जा रही है। यह फिल्म 13 मई 2025 को थियेटर में रिलीज हुई ,इस बार इस फिल्म को एनीमेशन के बजाय लाइव ऐक्शन के रूप में पेश किया जा रहा है यानी इस फिल्म को असल कलाकारों को लेकर बनाया गया है। इस फिल्म को आस्कर पुरुस्कार के लिए नॉमिनेट और गोल्डन ग्लोब पुरुस्कार विजेता डीन डेब्लॉइस ने निर्देशित किया है। इसके सितारों में शामिल हैं मेसन थेम्स जो कि युवा वाइकिंग हाइकप की भूमिका में दिखाई देंगे। निडर एस्ट्रिड के रूप में नजर आएंगी निको पार्कर और गेरार्ड बटलर अपनी स्टोइक द वास्ट की भूमिका को फिर से निभाते नजर आएंगे। परदे पर इस फिल्म के आने से भी बहुत वर्षों पहले इस फिल्म की भूमिका या कहानी कहां से निकलकर आई है इस बारे में निर्देशक डीन डेब्लॉइस कहते हैं, इसके लेखक कॉवेल के लिए यह कहानी निजी अनुभवों से निकलकर आई थी। यह सुनकर थोड़ी हंसी आ सकती है, लेकिन हाउ टू ट्रेंड योर ड्रैगन की कहानी ऑटो-बायोग्राफिकल है।

कॉवेल कहते हैं, इस फिल्म में जिस बर्क टापू का जिक्र है वह एक असल जगह पर आधारित है। जब मैं छोटा था तो मेरा परिवार स्कॉटलैंड के पश्चिमी तट पर स्थित ऐसे आईलैंड पर गर्मी की छुट्टियां बिताने जाता था जहां कोई नहीं रहता था। वहां सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं थी- बस चारों तरफ जंगल ही फैला था। हम कई हफ्तों तक उस टापू पर यहां-वहां घूमते रहते थे। कभी पहाड़ों पर चढ़ते तो कभी मछलियां पकड़ते। यह स्कॉटलैंड का वह हिस्सा था जहां ब्रिटेन पर आक्रमण करने वाले वाइकिंग के कदम सबसे पहले पड़े थे। यहीं से होकर वाइकिंग वापस भी गए थे। वे मानते थे कि ड्रैगन होते हैं और इस तरह के इतिहास के साथ एकांत में पले-बढ़े होने के कारण मुझे भी लगता रहा कि ड्रैगन हमारे सिरों के ऊपर उड़ते हैं या फिर यह कि वाइकिंग के जहाज बस अभी तट पर नजर आने ही वाले हैं।

# जिगना में ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत, हत्या का भी आरोप

**लोक प्रेरणा**



**गैपुरा,(मीरजापुर)।** जिगना रेलवे स्टेशन के पास नई रेल लाइन पर सोमवार सुबह दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। दोनों घटनाओं ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। पहली घटना में, प्रयागराज जिले के मांडा थाना क्षेत्र के प्रयागपुर रमगढ़वा गांव निवासी 22 वर्षीय अनुज कुमार बिंद का शव चड़ेरू चौकठा गांव के सामने रेलवे लाइन पर मिला। अनुज मुंबई से यात्री ट्रेन से घर लौट रहा था। पिता रमाशंकर बिंद ने बताया कि सुबह नौ बजे बेटे ने फोन पर जिगना पहुंचने की जानकारी दी थी, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। परिवार वालों ने शव की शिनाख्त की। प्रभारी थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दूसरी घटना में, जिगना थाना क्षेत्र के भवंरूपुर-अजगना गांव निवासी 22 वर्षीय लवकुश बिंद का शव उसी रेलवे लाइन पर बरामद हुआ। लवकुश रविवार शाम से लापता था। मां सीमा देवी ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाते हुए दावा किया कि पड़ोसी ने फोन कर बेटे को बुलाया और उसकी हत्या कर शव रेलवे लाइन पर रख दिया। जीआरपी प्रभारी मनोज यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जिगना थाना प्रभारी अभय सिंह ने कहा कि मां की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द कार्रवाई की जाएगी।दोनों घटनाओं ने स्थानीय लोगों में दहशत और संदेह पैदा कर दिया है, और पुलिस से शीघ्र जांच की मांग की जा रही है।

# समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल से जुड़े तीन लोगों को भेजा गया कानूनी नोटिस : प्रशांत सिंह अटल

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी की मीडिया सेल की ओर से यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के खिलाफ की गई टिप्पणी पर अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल से जुड़े तीन लोगों को कानूनी नोटिस भेजा गया है।सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल की ओर से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के लिए अर्मयादित भाषा का प्रयोग किया गया। इसके जवाब में मैंने समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल से जुड़े तीन लोगों को कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें इसके प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हैं।

# यूपी के 35 सीमावर्ती गांव बनाए जाएंगे टूरिस्ट विलेज: मंत्री जयवीर सिंह



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती गांवों को पर्यटन के मानचित्र पर लाने के लिए बड़ी पहल की शुरूआत हो रही है। राज्य सरकार सात सीमावर्ती जिलों के 35 गांवों को टूरिस्ट विलेज के रूप में विकसित करेगी। इस पहल से न केवल इन गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि देश-दुनिया के पर्यटक भी यहां की लोकसंस्कृति, जीवनशैली, परंपराओं, परिधानों, खान-पान तथा जैव विविधता से परिचित हो सकेंगे। यूपी के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों के चयनित गांवों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। हर गांव में 10-10 होमस्टे यूनिट तैयार किए जाएंगे, जहां पर्यटक ग्रामीण परिवेश में रहकर स्थानीय संस्कृति को जी सकेंगे।

जयवीर सिंह ने बताया कि सिद्धार्थनगर जिले के दुल्हासुमाली, बजहा, खुनुवां, कोटिया, घरुआर, बलरामपुर जिले के इमलिया कोडर, चंदनपुर, नरिहवा, पहाड़ापुर, बेलभरिया, लखीमपुर खीरी जिले के बनकटी, छिदिया, पूरब मजरा, हिम्मतनगर, पिपरौला, पुरैना, सिगंहिया, बहराइच जिले के बद्रिया, आंम्बा, कारीकोट, फकीरपुरी, विशुनापुर, श्रावस्ती जिले के लालपुर, कुसमहवां, मोतीपुर कला, कटकुईयां, मेढकिया, बेलहरी, पीलीभीत जिले के नौजल्हा, नकटहा, गभिया, सहराई, ढकिया, ता. महाराजपुर, मटैइया, लालपुर, महराजगंज जिले के भेड़िहारी, इटहिया, गिरहिया, तरैनी व चण्डीथान आदि गांवों का चयन किया गया।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस योजना में स्थानीय युवाओं को स्टोरी टेलिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे गांव की कहानियों, किंवदंतियों और ऐतिहासिक महत्व को पर्यटकों के सामने दिलचस्प तरीके से पेश कर सकें।

वहीं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पारंपरिक व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि पर्यटक गांव की रसोई से जुड़े स्वाद का भी आनंद ले सकें। सरकार की योजना के तहत थारू जनजाति के सुंदर हस्तशिल्प उत्पादों को स्थानीय बाजारों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से जोड़ा जाएगा, जिससे इन पारंपरिक कलाओं को न केवल पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय कारीगरों की आय भी बढ़ेगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि ह्यटूरिस्ट विलेजह्ण योजना सिर्फ पर्यटन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे सीमावर्ती गांवों में विकास की रोशनी पहुंचेगी और वहां की विरासत को नया जीवन मिलेगा। उत्तर प्रदेश अब पर्यटन के जरिए अपने गांवों को विश्वस्तरीय मंच देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# माज पर कितना अत्याचार कम इशारे से ही कुछ कह दीजिए : अखिलेश यादव

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और समाजवादी पार्टी के बीच जारी जुबानी जंग के बीच अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक और पोस्ट की है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाज पर कितना अत्याचार और अन्याय हो रहा, कम से कम इशारे से ही कुछ कह दीजिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "खाली बैठे लोग बात आगे बढ़ाते हैं। काम करने वाले आगे बढ़ जाते हैं। चलो हम सब पीडीए मिलकर सकारात्मक राजनीति के मार्ग पर आगे बढ़कर संकल्प उठाएं कि अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे, सामाजिक न्याय का राज लाएंगे। जो लोग अपने दलों में पूछे नहीं जाते हैं, अपने मंत्रालय को नाकामी का तमगा पहनाते हैं, निरर्थक बातों में, चाटुकारिता में अपना दिन और समय बिताते हैं।

# फिल्मे समाज का आईना होती है समाज सुधारको पर बनी फिल्में समाज को एक दिशा देती है : अजय राय

**लोक प्रेरणा**

**लखनऊ।।** फिल्में समाज का आईना होती हैं और महान समाज सुधारकों पर बनी फिल्में न सिर्फ उनके जीवन से परिचित कराती हैं बल्कि समाज को एक दिशा भी देती हैं। 19 शताब्दी के महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्री बाईफुले एक मिसाल हैं। सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वालों के लिए। ऊंच-नीच, जाति-पाति और छुआ-छूत से भरे समाज में दलितों और पिछड़ों के हकों की लड़ाई लडक? उन्हें सम्माजनक जीवन जीने का अधिकार दिलाया। आप दोनों ने स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया।

इसी अनुक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री श्री अजय राय कांग्रेसजनों के साथ थियेटर में फुले फिल्म देखने गये।



फिल्म देखने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा कि फुले दम्पत्ति का जीवन हम सबके लिए एक मिसाल है, एक आदर्श है पूरे समाज के लिए। वास्तव में यह फिल्म उस दौर के यर्थात को आज हम सब के सामने लेकर आ रही है। साथ ही फिल्म में आई कई घटनाएं सामाजिक नवचेतना का भाव जागृत कर रही हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा कि हर भारतीय को महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले जी के जीवन पर बनी फिल्म ह्यफुले ह्ण जरूर देखनी चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दौरा कार्यक्रम प्रभारी, पूर्व मंत्री श्री राजबहादुर , पूर्व विधायक श्री इन्दल रावत , डॉ0 जियाराम वर्मा, सुशील तिवारी सोनू पंडित, अनुसुईया शर्मा, अरशद आजमी, पुष्पेन्द्र सिंह, सिद्धिश्री, परवीन खान, नीलम सिंह, साबरा खातून, शिफा खान, राकेश पाण्डेय, अनिल शुक्ला, मो0 फैजी आदि कांग्रेसजन फुले फिल्म देखने थियेटर गये।

# पंजाब में पाकिस्तानी नंबरों से बड़ा स्कैम -50 हजार डॉलर की लॉटरी का झांसा, महिला से मांगे पैसे

**संगरूर।** संगरूर जिले के लहरागागा कस्बे में एक चौंकाने वाला ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। यहां की रहने वाली एक रिटायर्ड महिला, जो पहले पंजाब पुलिस में कार्यरत थीं, को एक दिन पाकिस्तानी कोड वाले नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को किसी बड़ी विदेशी संस्था का प्रतिनिधि बताया और महिला को यह कहकर बहलाने की कोशिश की कि उनके नाम पर 50 हजार अमेरिकी डॉलर की लॉटरी लगी है। महिला को यह रकम उनके बैंक खाते में भेजने का दावा किया गया।

इसके बाद महिला को एक भारतीय मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप कॉल आने लगी। कॉल करने वाले ने अपने प्रोफाइल पर पंजाब के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रामवीर, जो मंडी बोर्ड के सचिव हैं, की तस्वीर लगा रखी थी। इस तस्वीर के जरिए कॉल करने वाला खुद को सरकारी अधिकारी साबित करने की कोशिश कर रहा था, ताकि महिला को विश्वास हो जाए कि यह पूरी प्रक्रिया असली है।



व्हाट्सएप पर कॉल के साथ-साथ महिला को कुछ वीडियो भी भेजे गए, जिनमें नोट गिनने वाली मशीनों से डॉलर और भारतीय करेंसी की गड्डियां दिखाई गईं। वीडियो में यह दिखाया गया कि पैसे उनके पास आ चुके हैं और अब जल्द ही महिला के खाते में जमा किए जाएंगे। इसके बाद कॉल करने वाले ने महिला से कुछ चार्जेस और टैक्स के नाम पर पैसे जमा करवाने की मांग की।

महिला को पहले तो यह सब कुछ सही लगा क्योंकि कॉलर लगातार सरकारी अधिकारी की पहचान दिखा रहा था और भरोसेमंद तरीके से बात कर रहा था। लेकिन समय रहते महिला को शक हुआ और उसने इस बारे में अपने परिवार वालों को जानकारी दी। तब जाकर पूरे मामले का खुलासा हुआ कि यह एक बड़ा साइबर स्कैम है, जो लोगों को फर्जी लॉटरी और नकली वादों के जरिए ठगने की कोशिश कर रहा है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के कॉल विदेशों से आते हैं, खासकर पाकिस्तान जैसे देशों से, और इनका मकसद भोले-भाले लोगों को निशाना बनाना होता है। ठग सोशल मीडिया और इंटरनेट से सरकारी अफसरों की तस्वीरें लेकर उनका गलत इस्तेमाल करते हैं, जिससे आम लोगों को लगे कि बात करने वाला कोई असली सरकारी अधिकारी है।

इस मामले के सामने आने के बाद पंजाब पुलिस और साइबर सेल ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। किसी भी अनजान नंबर से आए कॉल या व्हाट्सएप मैसेज पर विश्वास न करें। अगर कोई लॉटरी या इनाम जीतने की बात करे और बदले में पैसे मांगे, तो तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दें।

# अवर अभियन्ता जल निगम को शो-काज नोटिश देने का दिया गया निर्देश

## कंट्रोल रूम नम्बर- 9473941824 पर पेयजल से समबंधित दर्ज करा सकते शिकायत

**लोक प्रेरणा**

**मीरजापुर,।** भीषण गर्मी को देखते हुये ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा मुहैया कराने के दृिष्टगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अधिकारियों सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी व पेयजल की अधिक शिकायतें प्राप्त होने वाले विकास खड पटेहरा, हलिया, लालगंज, राजगढ पहाडी के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति उपलब्ध कराने हेतु चर्चा की गई।

इस दौरान जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर नल से जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में एक-एक ग्राम प्रधानों के वार्ता कर जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि पेयजल संकट को देखते हुये प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति करायी जाए। उन्होनें ने खण्ड विकास अधिकारियों व जिला पंचायत राज अधिकारी को संवेदनशील क्षेत्रों में टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एक-एक ग्राम प्रधानों से उनके ग्राम में जल जीवन योजना के तहत पेयजल आपेर्ति के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा जल



निगम अधिकारियों व कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया जिन ग्रामों व मजरों में ग्राम प्रधान के द्वारा आपूर्ति न होना बताया जा रहा है वहां पर खंड विकास अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर टीम बनाकर उन गांवों का निरीक्षण करें तथा वास्तविकता से अवगत कराते हुये पेयजल आपर्ति सुनिश्चित करायें।

पटेहरा विकास खण्ड के लेरूकी परियोजना में पेयजल आपूर्ति न होने के सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हाने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित कार्यदाई संस्था के विरूद्ध शासन को अवगत कराते हुये कार्यवाई के लिये पत्राचार के निर्देश अपर जिलाधिकारी नमाति गंगे को दिया तथा कार्यदाई संस्था एनसीसी, व मेघा को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी गई। उन्होंने जल निगम के कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि सुबह व शाम दोनो समय निर्धारित समय में पानी का अपूर्ति की जाए, यदि बिजली की समस्या हो तो ऐसे परियोजनाओं पर जनरेटर की व्यवस्था कर पानी की आपूर्ति की जाए।

उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों विशेषकर माह मई व जून में पानी की किल्लत न होने पाण लापरवाही बरतने वालों पर कडी कार्यवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कही। कही। पाइप क्षेतिग्रस्त होने की शिकायत पर जॉ।च के निर्देश देते हुये अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया कि गुणवत्ता की जॉच कर आख्या दें। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे अपने7अपने क्षेत्रों में जहां जल निगम के द्वारा पानी आपूर्ति की रही है निरीक्षण करें तथा जहां पानी की आपूर्ति न हो रही है कारण सहित अवगत करायें।

# एचएमएसआई ने ऑल-न्यू रिबेल 500 लॉन्च की बुकिंग्स ओपन



**करनाल।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने आज भारतीय बाजार में बहुप्रतीक्षित रिबेल 500 मोटरसाइकल लॉन्च की, जो ब्रांड के प्रीमियम मोटरसाइकल पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस नई क्रूजर मोटरसाइकल की बुकिंग्स चुनिंदा बिगविंग टॉपलाइन डीलरशिप्स पर शुरू हो चुकी हैं। ऑल-न्यू 2025 होंडा रिबेल 500 की एक्स-शोरूम (गुरुग्राम) कीमत रू. 5.12 लाख रखी गई है। यह मोटरसाइकल केवल गुरुग्राम, मुंबई और बेंगलुरु में उपलब्ध होगी, और इसकी डिलिवरी जून 2025 से शुरू की जाएगी। रिबेल 500 पारंपरिक डिजाइन और आधुनिक इंजीनियरिंग का अनूठा संगम प्रस्तुत करती है, जो भारतीय मोटरसाइकल प्रेमियों को एक खास राइडिंग अनुभव प्रदान करती है।

लॉन्च की घोषणा करते हुए होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हम भारत में विश्व स्तर पर प्रशंसित रेबेल 500 को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। इस बहुप्रतीक्षित क्रूजर मोटरसाइकल को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, और हमें विश्वास है कि यह भारतीय राइडर्स को भी उतना ही पसंद आएगी।

# स्टूडेंट्स ने सैमसंग की पहल सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 के लिए रजिस्टर किया



**गुरुग्राम ।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग अपनी प्रमुख सीएसआर पहल ह्यसॉल्व फॉर टुमॉरोह्ण के जरिए युवा स्टूडेंट्स को भविष्य के टेक उद्यमी और सामाजिक बदलाव लाने वाले बनने में मदद कर रहा है। दिल्ली एनसीआर और हरियाणा के स्कूलों-कॉलेजों में जनरेशन जी के युवाओं के बीच इस पहल के लिए रजिस्ट्रेशन तेजी से बढ़ रहा है। भारत भर के स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित इंटरैक्टिव डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप और ओपन हाउस सत्रों के माध्यम से, सैमसंग कक्षा में होने वाली पढ़ाई को व्यावहारिक समस्या-समाधान दृष्टिकोण से प्रभावी ढंग से जोड़ रहा है। स्टूडेंट्स समाधान की अवधारणा से आगे बढ़कर प्रोटोटाइप बना रहे हैं, विशेषज्ञों के सामने अपने विचार प्रस्तुत कर रहे हैं, और उद्यमिता की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। नई दिल्ली, गुरुग्राम और सोनीपत जैसे शहरों में पहले से ही रोडशो शुरू हो चुके हैं, इस पहल ने शैक्षणिक संस्थानों से हजारों स्टूडेंट्स को सफलतापूर्वक जोड़ा है, और इसकी योजना पूर्वोत्तर राज्यों सहित अन्य राज्यों में विस्तार करने की है। स्टूडेंट्स नए-नए, समुदाय-केंद्रित आइडियाज लेकर आ रहे हैं जो स्वास्थ्य, शिक्षा, सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक समानता जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण वास्तविक समस्याओं का समाधान करते हैं। कई प्रतिभागियों के लिए, ये सत्र समस्या-समाधान पद्धतियों, मेंटरशिप और उद्यमशीलता मानसिकता विकास के साथ उनका पहला संरचित अनुभव प्रदान करते हैं।

इस वर्ष, प्रतिभागियों को चार प्रमुख थीम्स के तहत समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है: सुरक्षित, स्मार्ट और समावेशी भारत के लिए एआई; भारत में स्वास्थ्य, स्वच्छता और कल्याण का भविष्य; खेल और शिक्षा व बेहतर भविष्य के लिए तकनीक के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन; और तकनीक के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता। आवेदन जमा होने के बाद, 100 टीमों- प्रत्येक थीम के लिए 25 टीमें- को विषय विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन मेंटरिंग के लिए चुना जाएगा। इसके बाद ये टीमें वीडियो पिच राउंड में प्रवेश करेंगी, जिसमें से शीर्ष 40 टीमें चुनी जाएंगी।

हजारों स्टूडेंट्स की बढ़ती भागीदारी और छोटे शहरों में इसके तेजी से विस्तार के साथ, सॉल्व फॉर टुमॉरो एक राष्ट्रीय मंच के रूप में विकसित हो रहा है। यह जमीनी स्तर पर नवाचार और युवा-प्रेरित बदलाव को बढ़ावा देता है। आवेदन की समय सीमा 30 जून, 2025 तक भारत भर के स्कूल और कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए खुली है।

# गांधीगिरी कर पुलिस ने समझाये यातायात नियम

**लोक प्रेरणा**



**कन्नौज।** क्षेत्राधिकारी यातायात ने प्रभारी यातायात के साथ वाहन चालकों को गांधीगिरी के जरिए जागरूक किया। क्षेत्राधिकारी यातायात कुलवीर सिंह ने यातायात प्रभारी आफाक खान के साथ सड़कों पर गांधीगिरी करते हुए दो पहिया वाहन चालकों को और चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के पाठ पढ़ाए। पुलिस अफसर चार पहिया और दो पहिया वाहन चालकों को गुलाब के फूल देकर शर्मिंदा करते हुए और उत्साह वर्धन करते हुए दिखे। क्षेत्राधिकारी यातायात ने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया क्योंकि सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के एक्सीडेंट के समय मौत की आगोश में चले जाते हैं। कई वाहन चालकों को क्षेत्राधिकारी यातायात एवं यातायात प्रभारी द्वारा नए हेलमेट भी उपहार के तौर पर देकर वादा कराया गया कि भविष्य में बिना हेलमेट के नहीं चलेंगे। दो पहिया वाहन पर तीन सवारी और बिना हेलमेट वाहन चलाने पर चालान भी किए गए। रोडवेज बस स्टैंड के पास एक डग्गामार मोटर कैब(इको) अवैध रूप से सवारी भर रही थी जिसको क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा कोतवाली कन्नौज में सीज करा दिया गया। एक मोटर कैब बिना परमिशन के सीएनजी किट लगाए पायी गयी जिसका ?5000 का चालान किया गया। यह अभियान सरायमीरा रोडवेज बस स्टैंड से लेकर तिर्वा क्रासिंग एवं मकरंद नगर तक चलाया गया जिसमें कुल 67 चालान किए गए।

# लाडो प्रोत्साहन योजना : राशि 1 लाख से बढ़कर 1 लाख 50 हजार रुपये हुई

**टोंक।** गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण के लिए शुरू की गई लाडो प्रोत्साहन योजना की राशि राज्य सरकार ने 1 लाख से बढ़ाकर 1 लाख 50 हजार रुपये कर दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में संशोधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अभिनव योजना में गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रुपये का संकल्प पत्र राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 12 मार्च 2025 को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान राशि बढ़ाकर 1 लाख 50 हजार करने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ ही जन्म से लेकर वयस्क होने तक बालिकाओं के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने 1 अगस्त 2024 से लाडो प्रोत्साहन योजना पूरे प्रदेश में लागू की थी।

**बालिका जन्म के प्रति सोच बदलेगी यह योजना**

बालिका के जन्म के साथ ही अक्सर मां-बाप को उसके लालन-पालन और भविष्य के खर्चों की चिंता हो जाती है। माता-पिता की चिंताओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की थी। इसका उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना और बालिका शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाना है। योजना के सकारात्मक पहलू को देखें तो भविष्य में घटते शिशु लिंगानुपात में भी सुधार आएगा। बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव बढ़ेगा। माता-पिता उनकी पढ़ाई जल्दी छुड़वाकर कम उम्र में शादी नहीं करवाएंगे जिससे बाल विवाह में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।

**किस्तों में होगा राशि का भुगतान**

इस योजना में बालिका के जन्म पर 1 लाख 50 हजार की राशि का संकल्प पत्र प्रदान किया जाएगा। बालिका के जन्म से लेकर 21 वर्ष आयु पूरी करने तक इस राशि का भुगतान 7 किस्तों में डीबीटी के माध्यम में ऑनलाइन किया जाएगा। पहली छह किश्तें बालिका के माता-पिता अथवा अभिभावक के बैंक खाते में तथा 7वीं किश्त बालिका के बैंक खाते में ऑनलाइन हस्तांतरित की जाएगी।

पात्र चिकित्सा संस्थानों में संस्थागत प्रसव के तहत बालिका का जन्म होने पर पहली किश्त 2500 रुपए, आयु एक वर्ष एवं समस्त टीकाकरण होने पर दूसरी किश्त 2500 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में पहली कक्षा में प्रवेश लेने पर तीसरी किश्त 4000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश लेने पर चौथी किश्त 5000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर पांचवी किश्त 11,000 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर छठी किश्त 25,000 रुपए तथा राजकीय एवं राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 7वीं किश्त 1 लाख रुपए (राशि बालिका के बैंक खाते में ऑनलाईन ट्रांसफर होगी) मिलेगी। पहले सातवीं किश्त के रूप में 50 हजार रुपए देने का प्रावधान था जिसे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बढ़ाकर एक लाख रूपए कर दिया है।

# आज होगी जीडीए की 169वीं बोर्ड बैठक , शहर के विकास पर होगी गहन चर्चा

**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद।** जीडीए की 169वीं बोर्ड बैठक आज मंगलवार को मेरठ में होगी। बैठक में शहर के विकास पर मंथन किया जाएगा। बैठक में जीडीए की ओर से पिछली बोर्ड बैठक की कार्यवृत्ति के अनुपालन समेत 23 प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रमुख प्रस्तावों महायोजना 2031 की मंजूरी, मधुबन-बापूधाम योजना के लेआउट में परिवर्तन, हरनंदीपुरम योजना के लिए तय किए गए जमीन के रेट के अनुमोदन हैं। करीब चार साल पहले महायोजना 2031 के लिए कार्ययोजना शुरू हुई थी। पिछली बोर्ड बैठक में महायोजना के प्रस्ताव के ड्राफ्टिंग में शाब्दिक त्रुटियों की वजह से वापस कर दिया गया था। बोर्ड अध्यक्ष की ओर से संशोधन और आपत्ति सुझाव मांगकर निस्तारण कर पेश करने के लिए कहा गया था। करीब 65 आपत्तियां और सुझाव आए, जिन्हें निस्तारित कर संशोधित प्रस्ताव बोर्ड बैठक में ले जाया जा रहा है।पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में शहरी विकास एवं नियोजन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर महायोजना 2031 को मई के अंतिम सप्ताह तक मंजूरी देने के लिए कहा था। इसी क्रम में जीडीए ने भी महायोजना 2031 का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास कराने के लिए ले जाया जा रहा है। माना जा रहा है कि महायोजना 2031 के बोर्ड से पास होने पर शहर का तेजी से विकास हो सकेगा।क्रासिंग रिपब्लिक इंटीग्रेटेड टाउनशिप में ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच 12 के कुल क्षेत्रफल 27244.08 वर्ग मीटर भूमि में से 802.00 वर्ग मीटर को छोड़ते हुए ग्रुप हाउसिंग भूखंड पर ग्रुप हाउसिंग के स्थान पर भूखंड विकसित करने के लिए तलपट मानचित्र में परिवर्तन का प्रस्ताव, हाइटेक टाउनशिप योजनाओं की प्रगति का प्रस्ताव, गाजियाबाद जोनल डेवलपमेंट प्लान जोन एक यानि राजनगर एक्सटेंशन के आसपास 18, 24, 30, 45 और 60 मीटर चौड़े जोनल सड़क निर्माण का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में ले जाया जा रहा है।जीडीए वीसी अतुल वत्स ने बताया कि करीब 24 साल पहले मधुबन बापूधाम योजना लांच की गई थी। इस योजना का टोटल स्टेशन सर्वे कराया गया था। योजना में कुछ क्षेत्रों में नियोजन में कमियां पाई गईं। इस योजना के लेआउट में परिवर्तन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। परिवर्तन के प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद यहां नए सिरे से पॉकेटवार नियोजन किया जाएगा।हरनंदीपुरम योजना के किसानों को 10 फीसदी तक विकसित भूखंड देने का प्रस्ताव

हरनंदीपुरम आवासीय योजना पहले चरण में पांच गांवों की जमीन लाई जा रही है। इस योजना में जमीन देने वाले काश्तकारों को सर्किल रेट की चार गुना राशि देने का निर्णय किया गया है। इसके बाद किसानों ने विकसित भूखंड देने की मांग की। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह का कहना है कि 10 फीसदी तक विकसित भूखंड देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, इसे बोर्ड बैठक में ले जाया जा रहा है। वहीं, जमीन क्रय करने पर आने वाली लागत करीब 23 सौ करोड़ रुपये के व्यय के प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए ले जाया जा रहा है। अनुमोदन के बाद किसानों से जमीन खरीदने का काम शुरू हो जाएगा। ये प्रस्ताव भी हैं शामिल

- प्राधिकरण में पहल यानि पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रॉपर्टी अलॉटमेंट लॉग-इन लागू करने का प्रस्ताव
-पीमएम आवास योजना शहरी के तहत प्रताप विहार योजना और नूरनगर, राजनगर विस्तार में निर्मित 1200 ईब्ल्यूएस भवन के निर्माण एवं विकास कार्य की पूर्व स्वीकृत लागत में वृद्धि की स्वीकृति का प्रस्ताव
- जोनल प्लान के तहत जिन सड़कों के लिए जमीन क्रय करने की कार्रवाई शुरू हो गई है उन सड़कों पर मानचित्र स्वीकृति का प्रस्ताव
- मंडोला, लोनी में 29,660 हेक्टेयर कृषि भूमि को मध्यम उद्योग के लिए भू-उपयोग परिवर्तन का प्रस्ताव

## वाराणसी के 'गुलाबी मीनाकारी' के कारीगरों ने तैयार किया ब्रह्मोस मिसाइल का मॉडल, डिमांड तेज



**वाराणसी।** ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाया और पाकिस्तानी सेना को बड़ी क्षति पहुंचाई थी। इसमें ब्रह्मोस मिसाइल की अहम भूमिका रही थी। वाराणसी के गुलाबी मीनाकारी कलाकार ने ब्रह्मोस का मॉडल अलग-अलग आकार में तैयार किया है, जिसकी मांग देश भर से आ रही है।

गुलाबी मीनाकारी में राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके वाराणसी के विशेश्वरगंज क्षेत्र के कुंज बिहारी सिंह ने कहा, "भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को मेरा नमन है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने जिस तरह से 'ऑप
रेशन सिंदूर' चलाकर पाकिस्तानी सेना के दांत खट्टे कर दिए थे, मुझे लगा कि इसमें ब्रह्मोस मिसाइल की बड़ी भूमिका रही है, इसलिए मुझे इसे बनाने का आइडिया आया।"

कुंज बिहारी सिंह ने कहा इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने ब्रह्मोस मिसाइल के मॉडल बनाए हैं।

यह अपने देश में निर्मित है, भारत की ब्रम्हपुत्र नदी और रूस की मस्कावा नदी का नाम इसमें शामिल है, भारत और रूस का ये संयुक्त अभियान है। दोनों देशों की दोस्ती भी मजबूत रही है और जगजाहिर है।

मेरी बनाई ब्रह्मोस मिसाइल मॉडल की अब पूरे देश से मांग आ रही है, इसके 150 से ज्यादा डिमांड आ चुके हैं, और आ रहे हैं, मांग को एक महीने में पूरा करना है, इसके लिए मैंने 20 लोगों की टीम लगाई है।

प्रधानमंत्री ने आर्थिक के साथ-साथ सामरिक रूप से भी बड़ा काम किया है। मुख्यमंत्री से भी काफी सहयोग मिला है। हमलोगों को लगातार काम मिलता रहता है।

ब्रह्मोस मॉडल की कीमत 10 से 25 हजार तक है और ये आकार के मुताबिक है। हम छोटे आकार में भी बनाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि कम बजट वालों को भी ये ब्रह्मोस मॉडल उपलब्ध हो सके। इसमें सोने-चांदी का भी इस्तेमाल किया गया है। साथ ही चंदन के तेल का भी इस्तेमाल होता है।

एक कारीगर को एक पीस बनाने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इसलिए मैंने 20 लोगों की टीम लगाई है। वे लगातार काम कर रहे हैं। पहलगाम हमले में भारत में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल ने पाकिस्तानी सेना को बड़ी क्षति पहुंचाई थी। इसकी ताकत को दुनिया ने देखा और अब कई देश भारत सरकार से इस मिसाइल को खरीदने के इच्छुक है।

## भावनात्मक सहयोग एवं पोषण सहायता हेतु क्षय रोग पीड़ित रोगियों को लिया गोद

**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास मंच के उपेंद्र गोयल द्वारा क्षय रोग पीड़ित 10 रोगियों को भावनात्मक सहयोग एवं पोषण सहायता हेतु गोद लिया गया। गोयल द्वारा शांति स्वयं सहायता समूह को 10 रोगियों की 6 माह किंपोशन सहायता हेतु 30 हजार रुपए का चेक प्रदान कर दिया गया। उनके इस पावन कार्य और प्रयास के लिए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार यादव उनका आभार प्रकट किया गया । डॉ अनिल कुमार यादव द्वारा इस अवसर पर बताया गया कि क्षय रोगियों के उपचार में पोषण का अत्यधिक महत्व होता है , अच्छे पोषण की सहायता से रोगी तेजी से ठीक होता है। डॉ अनिल ने बताया



कि माननीय प्रधानमंत्री जी के टीबी मुक्त भारत के सपने को पूरा करने के प्रयास में श्री उपेंद्र गोयल जी का प्रयास सराहनीय है । इस अवसर पर श्री उपेंद्र गोयल ने जनपद के समस्त गणमान्य व्यक्तियों से अपील की गई कि वे भी आगे आकर इस पुनीत कार्य में सहयोग कर प्रधानमंत्री जी के टीबी मुक्त भारत के स्वप्न को साकार करने में

## रेलवे पुल नीचे मिला अज्ञात शव

**रामनगर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर फतेहपुर मार्ग स्थित बुढ़वल जंक्शन रेलवे पुल के नीचे रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात युवक का शव पाया गया मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची रामनगर पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है मृतक की पहचान किसी भी तरह नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने में युद्ध स्तर पर प्रयास कर रही है।

## इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, क्रॉसिंग्स रिपब्लिक में अलंकरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद ।** इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, क्रॉसिंग्स रिपब्लिक में अलंकरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ




हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य रेणु शर्मा ने चारों सदनों के सदस्यों को शपथ दिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह की मुख्य अतिथि सुबुही खान ने स्कूल की नव निर्वाचित परिषद के सदस्यों कों मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र पाल सिंह ने विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## दो महिला समेत तीन चोर गिरफ्तार,

**सिद्धौर बाराबंकी।** थाना असंद्रा पुलिस ने महिला की पर्स चोरी करने वाले गिरोह से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद किया है।

## सेना के शौर्य का अभिनंदन करना सौभाग्य की बात : सौरभ श्रीवास्तव




**लोक प्रेरणा**
**वाराणसी** कैंट विधानसभा के भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में हजारों लोगों ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर सेना के द्वारा मिशन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के पराक्रम का अभिनंदन किया। पहलगाम में आतंकियों द्वारा हिंदू पर्यटकों की निर्ममता से हत्या किए जाने के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में स्थित पाकिस्तान समर्थित आतंकी ठिकानों पर मिशन ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमला करके उसे पूरी तरह बर्बाद करने और मानवता के दुश्मन आतंकियों को मौत की नींद सुलाने पर हर देशवासी सेवा के अदम्य साहस और उनके रण कौशल पर उन्हें नतमस्तक होकर प्रणाम करते हुए उनका अभिनंदन और वंदन कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर की प्रचण्ड सफलता एवं भारतीय सेना द्वारा किए जा रहे शौर्य एवं पराक्रम के अभिनंदन के लिए वाराणसी की अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा वाराणसी कैन्ट विधानसभा से भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह भारत शौर्य तिरंगा यात्रा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सिंह द्वार, लंका से प्रारम्भ होकर अस्सी घाट तक पहुंचकर समाप्त हुआ। भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में देशभक्तों का हुजूम हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय घोष के साथ शामिल हुआ। सेना का अभिवादन करते हुए लोग देशभक्ति गीतों, ढ़ोल नगाड़े, डी जे पर नाचते गाते झूमते हुए चल रहे थे। सभी देशभक्तों के मन में अपने देश और अपनी सेना के प्रति स्वाभिमान नजर आ रहा था। भारत माता की जय,वन्देमातरम, जय हिंद, जय हिंद की सेना सेना ने ठाना है, आतंकवाद मिटाना है, धन्यवाद मोदी जी व अन्य नारे लगाते हुए कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे थे। भारत शौर्य तिरंगा यात्रा के संयोजक वाराणसी कैन्ट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव के साथ प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री शंकर गिरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, विद्यासागर राय, वीणा पाण्डेय, केदारनाथ सिंह, , अशोक पाण्डेय, सुधीर मिश्रा, गीता शास्त्री, अमित राय, कुशाग्र श्रीवास्तव सृजन श्रीवास्तव,प्रीति सिंह बघेल, आरती पाठक,सीता गुप्ता,आरती श्रीवास्तव, निशा श्रीवास्तव, सहित विभिन्न संस्थाओ में पी ए सी के जवान, आर. बी मार्शल आर्ट अकेडमी, अनीता वैरियर्स, आरम्भ स्पोर्ट्स अकेडमी, आनंद क्रिकेट अकेडमी, भारतीय जन जागरण समिति, कई समितियो सहित सैकड़ों संस्थाओं के साथ पांच हजार से अधिक लोग भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

## इंडियन रेड क्रॉस का शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर



**लोक प्रेरणा**
**वाराणसी।** इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी, वाराणसी द्वारा संत कंवरराम सिंधु युवा समिति के संयोजन में आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर अमरनगर कुटिया, सोनिया, वमें लगाय गया। डॉक्टरों का स्वागत इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति विजय शाह एवं संत कंवरराम सिंधु युवा समिति के अध्यक्ष जय लालवानी ने किया। शिविर के संयोजक जय प्रकाश बालानी,जय लालवानी,डॉ संजय राय ने संयुक्त रूप से बताया की नेत्र परीक्षण एक अत्याधुनिक नेत्र मोबाइल वैन में चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। शिविर में 105 लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ जिसमें जाँच उपरान्त 13 मोतियाबिंद के मरीज मिले। मोतियाबिंद के मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल हरहुआ में भर्ती कराया गया जहाँ आज ही उनकी समस्त जांच की जाएगी, रिपोर्ट अनुकूल आने के बाद उनका ऑपरेशन तत्काल कर दिया जाएगा। शिविर में अन्य मरीजों को नेत्र जाँच कर चश्मे का नंबर दिया गया एवं दवा से भी उपचार हुआ।उपयुक?त शिविर में जेपी बालानी, जय लालवानी,सुनीत रामनानी, रतन राजवानी,वेदमूर्ति शास्त्री, रोहित बलानी, राम गोपाल त्रिपाठी, डॉ. एसएस गांगुली,मृत्युंजय चक्रवर्ती,कमल किशोर तिवारी, राजकुमार वाधवानी,शेषनाथ राय,सुनील वाध्या, कमल हरचानी ने अपना विशेष सहयोग दिया।

## विद्युत वितरण एक आवश्यक सेवा है, इसका सुचारू रूप से वितरण करना करें सुनिश्चितः जिलाधिकारी

**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के संविदाकर्मी यूनियन द्वारा 20 मई 2025 को प्रस्तावित प्रदेश व्यापी 72 घंटे के कार्य बहिष्कार के दौरान, विद्युत आपूर्ति कार्य सुचारू से हो, की तैयारियों व्यवस्थाओं के सम्बंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों, सम्बंधित संविदाकर्मी एजेन्सी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम गाजियाबाद, आईटीआई एवं पॉलीटैक्निक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत हुई।





बैठक के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विद्युत विभाग की संविदाकर्मी एजेन्सियों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे उक्त कार्य बहिष्कार के दौरान अपना बैकअप प्लान पूर्व से ही तैयार रखते हुए अपने वर्कफोर्स की सूची व बैकअप प्लान उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी महोदय ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने स्तर से समस्त कर्मचारी संगठन व अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति को निर्बाध चलती रहे, के लिए समन्वय स्थापित करें। साथ इस ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करें जो कर्मचारियों को हड़ताल करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं या उकसा सकते हैं।

उन्होने कहा कि यदि कोई भी सरकारी अधिकारी कर्मचारी किसी भी तरह से हड़ताल को बढ़ावा देने सम्बंधित प्रकरण में पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि विद्युत वितरण एक आवश्यक सेवा है और इसका सुचारू रूप से वितरण सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

यह केवल घरों और व्यवसायों के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि अस्पतालों, डेटा सेंटर और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे सहित आपातकालीन सेवाओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसलिए किसी भी रूप में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखें।

बैठक में मुख्य रूप से जीडीए सचिव श्री राजेश सिंह, मुख्य अभियंता जोन–1 अशोक कुमार, मुख्य अभियंता जोन–2 नरेश भारती, मुख्य अभियंता जोन–3 दीपक अग्रवाल, सभी अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लाजपत नगर में शौर्य तिरंगा यात्रा की धूम



**लोक प्रेरणा**
**साहिबाबाद** । लाजपत नगर शनि चौक से पंकज गोयल के नेतृत्व में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई । यह यात्रा न केवल देशभक्ति की भावना को जागृत करती है, बल्कि हमें हमारे शहीदों के बलिदान और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की याद भी दिलाती है। वंदे मातरम्! जय हिंद! के जय घोष के साथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। इसमें मुख्य रूप से पंकज गोयल,विकास शाह, कुंदन कार्की,रजनीश गोयल, प्रमिला गोयल, कृष्णा मजूमदार,इंदु भट्ट, रेखा गुप्ता,मंजू गुप्ता,रेखा तिवारी, यमुनोत्री, शिखा,मंजरी, मिठू, मानसी सुमना मौसमी श्रीपरना भारती,सुमन, बासंती तथा दीप्ति आदि उपस्थित रहे।

### वीवीआईपी सीजन सन कप में विजेता रही डायरवॉल्वस इलेवन की टीम



**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित स्टेडियम में चल रहे वीवीआईपी सीजन सन कप का फाइनल मैच रविवार को स्ट्राइकर्स नोएडा और डायरवॉल्व्स इलेवन की टीम के बीच खेला गया। इसमें डायरवॉल्व्स इलेवन की टीम ने पांच विकेट से जीत हासिल कर सिरीज अपने नाम की।टॉस जीतकर डायरवॉल्व्स इलेवन की टीम ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्ट्राइकर्स नोएडा की टीम 19.2 ओवर में 162 रन पर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाज जयंत ने 50 रन बनाए। गेंदबाजी में हिमांशु त्यागी ने चार विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करते हुए डायरवॉल्व्स इलेवन की टीम ने 15.4 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाकर जीत दर्ज की। बल्लेबाज सौरभ ने 51 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में प्रीत ने दो विकेट लिए। शानदार गेंदबाजी के लिए डायरवॉल्व्स इलेवन के अंकित त्यागी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं प्लेयर ऑफ द सीरीज और बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार स्ट्राइकर्स नोएडा के अश्वनी चौधरी को दिया गया। डायरवॉल्व्स इलेवन की टीम सौरभ को बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया।

### वकील के चेंबर पर बुलाकर बंधक बनाने का आरोप



**गाजियाबाद।**सुनील कुमार पुत्र रिम्भल सिंह जुग्गन सिंह पुत्र ओमपाल सिंह,कपिल ने पंकज परचा पुत्र सूरजभान मकान नम्बर 114 विकलांग कालोनी नदग्राम गाजियाबाद द्वारा षड्यंत्र करके जो भी कृत्य किया है उसके खिलाफ एक एक प्रेस वार्ता की गई। वीडियो की जानकारी देते हुए सुनील,कपिल,जुग्गन ने बताया कि15/05/2025 को पंकज पारचा द्वारा फोन करके चेम्बर नम्बर-1070 वकील इशरार खान, उमंग खरखोदी के चेम्बर पर बुलाकर बन्धक बनाया।

अभद्र भाषा का का प्रयोग किया और साथ में मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। और कोरे कागज पर हाथ की पांचों अंगुलियों के निशान भी ले लिए व चेम्बर पर सुनील,जुग्गन, कपिल को लगभग छ घंटे तक जबरन बन्धक बनाकर रखा गया।

तीनो लोगो ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले की शिकायत गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर व एसीपी से भी कर दी गई है वही दोनों अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से राजकुमार, संदीप,दयावती, राखी, राजा,प्रीति,शिवम,जुग्गन,कपिल,चाँदवीर, अशोक ,सचिन,परवेज,जगवीर,जोगिंदर, मनीष आदि उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सुनी जन शिकायतें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश

**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद।**



कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी महोदय क्रमवार सभी लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होने सभी शिकायतकताओं व आवेदनकताओं को आश्वस्त किया कि शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जायेगा।

उन्होने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि हर शिकायत व आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने किसानों से भी वार्ता की। इस दौरान एडीएम एफ आर सौरभ भट्ट, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

